## खास बात

सभ्यता वह चीज है जो हमारे पास है, संस्कृति वह जो हममें व्याप्त है। -अज्ञात

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 190

नर्मदापुरम

सोमवार, 27 अप्रैल 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


# पीएम मोदी ने मन की बात को बिठा दिया है देशवासियों के मन में : मुख्यमंत्री



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।

**सीएम ने 'मन की बात' का किया जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ श्रवण**

'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों हमारे देश में एक बहुत ही अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है। ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। हमारे साथी पहले भी इस तरह की प्रक्रिया से गुजर चुके हैं। इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है।

### आमजनों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मौजूद आमजनों विशेषकर युवाओं से आत्मीय संवाद किया। उनके साथ स्वल्पाहार कर नारी शक्ति वंदन सहित विभिन्न विषयों पर खुलकर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों की शिक्षा की पुख्ता व्यवस्था एवं प्रोत्साहन सहायता, महिला सुरक्षा, महिला आरक्षण, इनकी आजीविका, समान वेतन और इन्हें स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन पर केंद्र सरकार तत्पर होकर प्रयास कर रही है, पर विपक्षी दलों के असहयोग के कारण यह प्रस्ताव संसद में पारित नहीं हो पाया।

## दिल्ली भट्टी में तब्दील : तापमान 42 डिग्री के पार, लू का यलो अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस समय कई दिनों से आसमान से आग बरस रही है। दिन के साथ रातें भी लगातार गर्म हो रही हैं। दोपहर के समय तो यूं मानों ऐसा लगता हो, जैसे भट्टी जल रही हो। इसी कड़ी में रविवार सुबह से ही तपती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। इससे लोगों का हाल बेहाल रहा और वह परेशान दिखे। वह घर से बाहर निकलते ही पसीना पोंछते नजर आए। यही नहीं, हालात ऐसे थे कि रात में भी सुकून नहीं मिला। दिन और रात के समय गर्म हवा चली। मौसम विभाग ने पहले ऑरेंज फिर शाम तक आते-आते लू का यलो अलर्ट जारी किया हुआ था। इस दौरान अधिकतम तापमान 42.1 और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 60 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 22 प्रतिशत रही।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने गिनाईं देश की ऐतिहासिक उपलब्धियां

# पवन ऊर्जा में दुनिया की चौथी महाशक्ति बना भारत

**वैश्विक तनाव के बीच दुनिया को याद दिलाए भगवान बुद्ध के शांति संदेश**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र किया। चुनावी सरगर्मियों के बीच पीएम मोदी ने देश की वैज्ञानिक प्रगति पर गर्व जताते हुए बताया कि तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने 'क्रिटिकलिटी' हासिल कर ली है। इसका सीधा मतलब है कि यह परमाणु रिएक्टर अब संचालन के अहम चरण में प्रवेश कर चुका है, जो देश के लिए एक बड़ी वैज्ञानिक छलांग है। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया में चल रहे मौजूदा तनाव और संघर्ष पर भी गहरी चिंता व्यक्त की।

### पवन ऊर्जा के दम पर दुनिया के टॉप-4 देशों में शामिल हुआ भारत

देश के विकास की नई छलांग का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने एक ऐसी शक्ति की बात की जो दिखाई तो नहीं देती, लेकिन हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। पीएम मोदी ने बताया कि यह शक्ति 'पवन ऊर्जा' है, जिसके दम पर भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में हासिल की गई बड़ी उपलब्धि को देश के साथ साझा करते हुए उन्होंने बताया कि भारत की पवन ऊर्जा क्षमता अब 56 गीगावाट के आंकड़े को पार कर गई है। इस ऐतिहासिक मुकाम को हासिल करने के साथ ही भारत अब पवन ऊर्जा के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ताकत बन गया है।


### गणतंत्र उत्सव में भारतीय संगीत की गूंज और सेना का शौर्य

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने देश के 'गणतंत्र उत्सव' की भी विस्तार से चर्चा की, जो 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती से शुरू होकर 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तक मनाया जाता है। उन्होंने इस उत्सव के सबसे अहम और आकर्षक हिस्से 'बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह समारोह विभिन्न सैन्य बैंड्स के जरिए देश की विविध संगीत परंपराओं की खूबसूरत झलक पेश करता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले कुछ वर्षों में इस समारोह में भारतीय धुनों और संगीत का समावेश काफी बढ़ा है, जिसे आम जनता ने भी खूब सराहा है। इस साल भी वायुसेना, थलसेना, नौसेना और सीएपीएफ के बैंड्स ने अपनी शानदार और देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से इस समारोह को बेहद यादगार बना दिया।

### मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा की देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं

मई महीने की शुरुआत के साथ ही आने वाले बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व का जिक्र करते हुए मोदी ने देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। दुनिया के मौजूदा तनावपूर्ण और युद्ध जैसे हालात पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और उनका शांति संदेश आज के दौर में और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया से भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाने की अपील करते हुए याद दिलाया कि शांति की असली शुरुआत हमारे भीतर से ही होती है और खुद पर विजय प्राप्त करना ही दुनिया की सबसे बड़ी जीत है।

## 'हमलावर के पास पावरफुल गन थी...' वाशिंगटन फायरिंग पर बोले ट्रंप, जानें कैसे बची सीक्रेट सर्विस एजेंट की जान




**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी के हिल्टन होटल में आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में हुई भयानक गोलीबारी की घटना पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए हमले का खौफनाक मंजर बयां किया और बताया कि हमलावर बेहद शक्तिशाली हथियारों से लैस था। इस जानलेवा हमले में एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को गोली भी लगी, लेकिन किस्मत से उसकी जान बच गई। राष्ट्रपति ने अपनी सुरक्षा टीम के जांबाज सदस्यों की जमकर तारीफ की है और घटना को खुद की जान लेने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा करार दिया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमले की भयावहता का जिक्र करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि हमलावर भारी हथियारों का जखीरा लेकर सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर घुस गया था। जब सीक्रेट सर्विस के बहादुर जवानों ने उसे दबोचने की कोशिश की, तो उसने एक अधिकारी पर बेहद करीब से एक बहुत ही शक्तिशाली बंदूक से सीधी गोली चला दी। गनीमत यह रही कि अधिकारी ने एक बेहतरीन क्वालिटी की बुलेट प्रूफ जैकेट पहन रखी थी, जिसने अपना काम किया और गोली शरीर के पार नहीं हो सकी। ट्रंप ने कहा कि उन्हें अपने सीक्रेट सर्विस एजेंट्स की बहादुरी पर गर्व है।

उन्होंने खुद उस घायल अधिकारी से फोन पर बात की है और वह अब खतरे से बाहर है। इस खौफनाक घटना ने अमेरिका की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सेंधमारी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हमले को लेकर सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में यह कोई पहला मौका नहीं है, जब किसी संभावित हत्यारे ने हमारे रिपब्लिक पर हमला किया हो और जो मुझे जान से मारना चाहता हो। ट्रंप ने इस दौरान गिरफ्तार किए गए हमलावर की तस्वीर भी दुनिया के सामने साझा की।

**मुख्यमंत्री कोटा में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल**

# मप्र-राजस्थान की आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चम्बल परियोजना: सीएम

**सीएम ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद**



**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। सीएम कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


सीएम ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। सीएम ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं संभाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। सीएम समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मप्र को भाई-भाई मानते हैं। दोनों राज्यों की सरकारों ने सामूहिक प्रयास किया और आज पार्वती- काली सिंध-चंबल नदी परियोजना पर कार्य हो रहा है। पीकेसी परियोजना से मप्र के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

### युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। नि:शुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समारोह में आगमन पर प्रसन्न्ता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम नि:शुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का आत्मीय स्वागत किया।

## मशहूर फोटोग्राफर रघु राय का निधन



**नई दिल्ली।** भारत में फोटो पत्रकारिता के जनक और अपनी तस्वीरों से पूरी दुनिया में हलचल मचा देने वाले मशहूर फोटोग्राफर रघु राय का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। रविवार को उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। रघु राय लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। अपनी जीवंत और मर्मस्पर्शी तस्वीरों के जरिए इतिहास के कई अहम पन्नों को कैमरे में कैद करने वाले इस महान फोटोग्राफर के निधन से कला और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

### उड़ता तीर




**मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र आज**

# महिला आरक्षण पर सरकार लाएगी शासकीय संकल्प, भाजपा और कांग्रेस आमने सामने

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस विशेष सत्र में राज्य सरकार महिला आरक्षण के समर्थन में शासकीय संकल्प पेश करेगी। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है और सदन में हंगामे के आसार हैं। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। कार्यसूची के अनुसार शुरुआत में पूर्व विधायक, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और अन्य दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सदन में शासकीय संकल्प प्रस्तुत करेंगे। संकल्प में कहा गया है कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। यह संकल्प ऐसे समय लाया जा रहा है, जब केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इसके बाद देशभर में इस मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है।

### सदन में टकराव के आसार

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा में पारित होने वाला यह संकल्प कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होगा, क्योंकि संविधान संशोधन का अधिकार संसद के पास है। हालांकि राजनीतिक रूप से इसे काफी अहम माना जा रहा है। भाजपा इसे महिला सशक्तिकरण के समर्थन के रूप में पेश कर रही है और लगातार कांग्रेस पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगा रही है। वहीं कांग्रेस ने भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का कहना है कि यदि सरकार गंभीर है तो लोकसभा की 543 सीटों और मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों पर महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जाए।

# ग्वालियर विकास प्राधिकरण की कमान मधुसूदन भदौरिया को, उज्जैन में रवि सोलंकी बने अध्यक्ष

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



मध्यप्रदेश में निगम–मंडलों और प्राधिकरणों में लंबित राजनीतिक नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मोहन सरकार ने ग्वालियर, उज्जैन और अमरकंटक विकास प्राधिकरणों में नई नियुक्तियां करते हुए अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। ग्वालियर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया को नियुक्त किया गया है। वहीं सुधीर गुप्ता और वेद प्रकाश शिवहरे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी अशोक शर्मा को सौंपी गई है। यहां हरीश मेवाफरोश को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं दूसरी तरफ अमरकंटक विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष राजेंद्र भारती को बनाया गया है। उधर, उज्जैन विकास प्राधिकरण की कमान रविन्द्र (रवि) सोलंकी को सौंपी गई है। इसके साथ ही मुकेश यादव और रवि वर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उज्जैन विकास प्राधिकरण में विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामागुरु) , सुशीला जाटवा और दुर्गा विलोटिया को सदस्य बनाया गया है।

**हरभजन से सिक्योरिटी छीनी तो केंद्र सरकार ने आप से भाजपा में गए सभी सांसदों को दी CRPF सुरक्षा**

# आप से भाजपा में गए सांसदों को मिली सिक्योरिटी

**जालंधर ■ एजेंसी**



*भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह से पंजाब सरकार ने सुरक्षा वापस ले ली है। हरभजन सिंह के पीए ने उनकी सुरक्षा वापस लिए जाने की जानकारी दी है। पंजाब पुलिस का सुरक्षा कवर हटाए जाने के तुरंत बाद हरभजन सिंह को सीआरपीएफ की सुरक्षा केंद्र सरकार के द्वारा दी गई है। उनके जालंधर के घर के बाहर सीआरपीएफ को तैनात कर दिया गया है।*

*गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, हरभजन सिंह के साथ-साथ आम आदमी पार्टी से भाजपा में आए अन्य सांसदों- संदीप पाठक, अशोक मित्तल, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत साहनी को भी केंद्रीय सुरक्षा प्रदान की गई है। इन सभी नेताओं को अब सीआरपीएफ के कमांडो सुरक्षा प्रदान करेंगे। यह कदम इन नेताओं पर बढ़ते खतरे और पंजाब में उनके आवासों के बाहर हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए उठाया गया है।*

*दरअसल, हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब से राज्यसभा में भेजा था। हाल ही में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थामा है। चड्ढा ने कहा था कि उनके साथ भाजपा में शामिल होने वाले उनके सहित 7 राज्यसभा सांसद हैं। ये सभी सांसद आप के हैं। इन 7 सांसदों में उन्होंने हरभजन सिंह का नाम भी लिया था।*

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं, दो ट्रकों के बीच पिसी कार, 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**हजारीबाग ■ एजेंसी**



झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित चौपारण की दनुआ घाटी में शनिवार को एक रूह कंपा देने वाले सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर कोलियरी में लाइनमैन के पद पर कार्यरत शिव कुमार भुइयां अपने परिवार के साथ कार से गयाजी के आमस में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार काल का ग्रास बन गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और कार सवार किसी भी व्यक्ति को बचने का मौका नहीं मिला।

### आगे ट्रेलर और पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

यह दर्दनाक हादसा चौपारण की दनुआ घाटी के जोड़राही पुल के पास हुआ। शिव कुमार की धनबाद नंबर प्लेट वाली कार अचानक आगे चल रहे एक ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी। इससे पहले कि कार सवार लोग कुछ समझ पाते, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। दो भारी वाहनों के बीच दबने से कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद ट्रक और ट्रेलर के चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर चौपारण पुलिस और एनएचएआई की बचाव टीम मौके पर पहुंची। धनबाद नंबर की कार होने के कारण पुलिस ने वहां संपर्क किया, जिसके बाद मृतकों की पहचान हो सकी।



## दिव्यांगता पुनर्वास पर कार्यक्रम सम्पन्न

भोपाल। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 24 एवं 25 अप्रैल को राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। बरकतउल्ला विश्व, भोपाल में सह- सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम पुनर्वास और नवीनीकरण के लिए अंतदृष्टिपूर्ण हस्तक्षेप विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दिव्यंगता पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत समूहों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय स्तर के दिव्यांगता पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत व्यवसायियों द्वारा पोस्टर एवं शोध पत्रो की प्रस्तुति की गई।जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, चिकित्सा विद्यालय एवं संकाय सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में लगभग 50 शोध पत्र एवं पोस्टर की प्रस्तुतियां हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ गोविंद भार्गव वाइस चांसलर JNCTPU भोपाल रहे।इस समापन कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि प्रोफेसर पवन मिश्रा डीएसडब्ल्यू बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल एवं डॉ सुमित रॉय निदेशक मानस कुटीर भोपाल उपस्थित रहे।

### डीजीपी के मुख्य आतिथ्य में हुआ 41वां वरिष्ठ सदस्य एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह

# सेवा निवृत्ति के बाद भी सेवा का जज़्बा हमेशा जीवित रहता है: डीजीपी मकवाणा

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश पुलिस राज्य सेवा संवर्ग के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के संगठन द्वारा 41वां वरिष्ठ सदस्य एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आज भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद भी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना जीवनभर बनी रहती है। उन्होंने राज्य सेवा संवर्ग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को विभाग की सुदृढ़ नींव बताते हुए कहा कि उनके अनुभव, कार्यशैली और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी निरंतर प्रेरणा प्राप्त कर रही है।

डीजीपी मकवाणा ने कहा कि विभाग सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुभवों को संरक्षित कर उनका संस्थागत उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहा है। पेंशनर्स के साथ सतत संवाद, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण, थाना एवं इकाई स्तर पर बेहतर समन्वय तथा एक समर्पित हेल्प सिस्टम विकसित किया जा रहा है। साथ ही, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म/पोर्टल के माध्यम से सेवानिवृत्त अधिकारियों को पुन: रोजगार, सुरक्षा सेवाओं एवं परामर्शदात्री भूमिकाओं से जोड़ने की पहल की जा रही है, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी निरंतर बनी रहे।

उन्होंने पेंशनर्स की सुविधा हेतु बैंकिंग लाभ, दुर्घटना सहायता, स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी एवं समन्वय तंत्र को और सुदृढ़ करने की बात कही, ताकि प्रत्येक सेवानिवृत्त अधिकारी तक समय पर सहायता और सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

डीजीपी मकवाणा ने पुलिस वेलफेयर को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य, शिक्षा, आपात सहायता और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर वेलफेयर गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा सहायता, आकस्मिक सहायता, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से पुलिस परिवारों को व्यापक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## पानी भरते समय कुएं में गिरे मिस्त्री की 10 दिन बाद मौत

भोपाल। कटारा हिल्स थाना इलाके में स्थित पार्क सिटी कटारा गांव में पानी भरते समय एक मिस्त्री कुएं में गिर गया। पानी में डूब रहे मिस्त्री को खेत मालिक ने बाहर निकालकर इलाज के लिये एम्स पहुंचाया। वहां दस दिन चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम खमरिया थाना गोदरमऊ खेड़ा कटनी निवासी राजकुमार उर्फ राजेन्द्र (38) पत्नी के साथ पार्क सिटी के पीछे अश्विनी सिंह के खेत पर बने टपरे में रहता था। और जरुरत होने पर पास में ही मनीराम राजपूत के कुएं से पानी भरता था। बीती 14 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे वह कुएं पर पानी भर रहा था। थोड़ी देर बाद बच्चों के शोर की आवाजे सुनकर पास ही खलिहान में पशुओ को पानी पिला रहे खेत मालिक वहॉ पहुंचे तो उन्हें राजकुमार कुंए के भीतर पानी में डूबता दिखाई दिया। उसे रस्सी का झूला बनाकर बाहर निकाला गया। बाद में एम्स में करीब दस दिन चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौपतें हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है।

## दुकान पर काम को लेकर हुए विवाद में नाबालिग ने युवक को चाकू मारा

भोपाल। टीला जमालपुरा थाना इलाके के काजीकैम्प क्षेत्र में चाय की दुकान पर काम करने को लेकर हुए विवाद में 16 साल के नाबालिग ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। नाबालिग ने युवत के गले पर चाकू से घातक वार किया था, बचने के लिये युवक टेबिल के नीचे छिप गया। चाकू का वार गर्दन पर न लगते हुए उसके गाल पर लगा। शिकायत मिलने पर पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी किशोर चाय की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार को वह काम पर नहीं आया। इस पर दुकान मालिक ने इन्द्रा नगर चौकी के पीछे टीला निवासी आरिफ खान (21) को काम पर बुला लिया। बाद में रात करीब नौ बजे नाबालिग चाय दुकान पर पहुंचा और आरिफ से कहने लगा की तू यहां काम करने क्यों आया। इसी बात को लेकर उन दोनो के बीच विवाद शुरु हो गया। विवाद बढ़ने पर किशोर ने उस पर चाकू से हमला किया जिससे आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुचांयाग गया। वहीं आरोपी को हिरासत में लेने के बाद पता चला कि वह नाबालिग है। जिसके बाद उसे काउंसलिंग के लिए भेज दिया गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री सारंग ने रोज मैरी विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं युवा: मंत्री सारंग

भोपाल ■ निसं



आज सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए रोज मैरी हायर सेकेंडरी विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर प्रयास करते हुए अपने परिवार, विद्यालय और भोपाल शहर का नाम देशभर में रोशन करते रहें।

मंत्री सारंग ने कहा कि जीवन का यह पड़ाव केवल एक शुरुआत है, अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी लगन, अनुशासन और परिश्रम का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और वही भविष्य की दिशा और गति निर्धारित करते हैं। इसलिए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

इस दौरान मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और प्रयासों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदेश और देश की सरकारें स्कूलों और कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। साथ ही हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का भी प्रयास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर और सुलभ उच्च शिक्षा के अवसर मिल सकें। मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों को उनकी आगे की पढ़ाई में हर संभव मदद और मार्गदर्शन देने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। कक्षा 10वीं में महिमा खाड़े ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा राकेश कुमार 97.6 प्रतिशत, पूजा चैरसिया 97.4 प्रतिशत और भूमिका अहिरवार 97.2 प्रतिशत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि ने विद्यालय के साथ-साथ पूरे भोपाल गौरान्वित किया है।

मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हु, कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल अपने व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के उत्थान और देश की प्रगतिके लिए करने का आह्वान किया।

इसके पश्चात मंत्री सारंग ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा, जहां उन्हें न केवल अपनी उपलब्धियों के लिए सम्मान मिला, बल्कि भविष्य के लिए नई दिशा और ऊर्जा भी प्राप्त हुई।

### एयर इंडिया की फ्लाइट कैंसिल होने से 175 यात्री परेशान

## मुंबई से आई फ्लाइट में मिली तकनीकी खराबी, यात्रियों के हंगामे की भी सूचना



भोपाल ■ निसं

तकनीकी खराबी के चलते भोपाल एयरपोर्ट पर रविवार को एक अहम उड़ान रद्द कर दी गई। मुंबई-भोपाल-मुंबई रूट पर संचालित एयर इंडिया की इस फ्लाइट के कैंसिल होने से करीब 175 यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, संबंधित फ्लाइट मुंबई से भोपाल पहुंची थी, लेकिन यहां तकनीकी समस्या सामने आने के बाद इसे आगे के लिए रद्द कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट को टेक्निकल ग्राउंड' किया गया, जिसके कारण यात्रियों को आगे की यात्रा नहीं मिल सकी।

देरी से पहुंची थी फ्लाइट: सूत्रों के अनुसार फ्लाइट भोपाल एयरपोर्ट पर निर्धारित समय से देरी से पहुंची और करीब 3:30 बजे लैंड हुई। देरी के बाद तकनीकी जांच में खामी सामने आई, जिसके चलते उड़ान को कैंसिल करने का फैसला लिया गया।

175 यात्रियों पर पड़ा असर: अचानक फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस फ्लाइट से लगभग 175 यात्रियों को भोपाल से मुंबई के लिए रवाना होना था।

एयरलाइन करेगी आधिकारिक जानकारी जारी: एयरलाइन अधिकारियों का कहना है कि मामले को लेकर जल्द ही आधिकारिक जानकारी और अपडेट जारी किया जाएगा। फिलहाल तकनीकी कारणों को ही फ्लाइट रद्द होने की वजह बताया जा रहा है।

## आईपीओ और शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा दिखाकर 74 लाख की ठगी

भोपाल ■ निसं

साइबर जालसाजो ने एक कारोबारी को अपने जाल में फंसाकर लाखो रुपये की ठगी कर ली। फरियादी की शिकायत पर सायबर क्राइम ब्रांच ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि फेसबुक चलाते समय फरियादी को एक एड नजर आया था। क्लिक करने पर उन्हें व्हाट्?सएप ग्रुपों में जोड़ कर मोटा मुनाफा पाने का लालच देकर 74 लाख 79 हजार की रकम इंवेस्ट करा ली गई। इतना ही नहीं फरियादी को सेबी में शिकायत और गिरफ्तारी का डर भी दिखाया गया। पुलिस के मुताबिक सागर लैंडमार्क अयोध्या बायपास निवासी योगेश चौहान (42) ने अपनी शिकायत में बताया कि सितंबर 2025 में फेसबुक आईडी चलाते समय स्क्रीन पर एक एड दिखाई दिया। एड में ट्रेडिंग के बारे में बताया गया था। क्लिक करने पर सीधे व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप का नाम पांच पैसा स्ट्रेटजी हब एफ-5 था। इस ग्रुप में डेली ट्रेडिंग के लिए टिप्स दिए जा रहे थे। फिर ग्रुप के एडमिन ने योगेश चौहान को एक रजिस्ट्रेशन फार्म भरने के लिए कहा। फार्म भरने के बाद उसने एक वेबसाइट पर आईडी बनाकर आईडी नंबर दिया। इसके बाद पैसा निवेश करने के लिए कहा जाने लगा। ग्रुप के एक अन्य एडमिन ने बात हुई। इसके बाद उन्हें अन्य व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। अलग-अलग ग्रुपों में उन्हें पैसा निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलने के ऑफर दिए जाने लगे। भरोसा होने पर फरियादी ने पहले दस हजार रुपए जमा कराए। उनका पैसा वॉलेट में दिखने लगा और कुछ समय बाद प्रॉफिट भी दिखाई देने लगा। जब उन्होंने अपनी 10 हजार की रकम निकाली वह निकल गई। इसके बाद आईपीओ और शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्ट के नाम पर फरियादी योगेश चौहान ने अलग-अलग समय में 74 लाख 79 हजार रुपए जमा कर दिए। उन्हें करोड़ों में प्रॉफिट नजर आने लगा लेकिन जब उन्होंने पैसा निकालना चाहा तो उनसे कहा गया की रकम निकालने के लिये उन्हें 35 लाख रुपए और जमा करने होगें। और यदि 35 लाख रुपए जमा नहीं किए तो आपका सारा पैसा डूब जाएगा। साथ ही उन्हें धमकी दी गई कि सेबी में आपके खिलाफ शिकायत भी हो सकती है।

### जनसंपर्क सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है

# डिजिटल युग के नए दौर में जनसंपर्क की भूमिका और अधिक प्रभावी हो गई है

भोपाल ■ निसं

पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया भोपाल चैप्टर द्वारा रविवार को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में 'राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस' पर विशेष व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने 'जनसंपर्क: लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ' विषय पर अपने विचार साझा किए।




लोकतंत्र का सजग प्रहरी है जनसंपर्क: पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान में मुख्य वक्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती में जनसंपर्क की प्रभावी भूमिका और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर ने कहा कि 'आज के दौर में जनसंपर्क केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। पुराने दौर की अपेक्षा आज डिजिटल युग के नए दौर में जनसंपर्क की भूमिका और अधिक प्रभावी हो गई है। समाचार पत्र और टेलीविजन के बाद अब सोशल मीडिया के आने से जनसंपर्क की पहुंच अब दुनिया के किसी भी कोने तक संभव हो गई है। व्याख्यान के विषय के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जनसंपर्क वह माध्यम है जो सबको आपस में जोड़कर लोकतंत्र को स्थायित्व प्रदान करता है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. उर्मिला शिरीष ने रेखांकित किया कि 'संवाद की शुचिता ही लोकतंत्र की जान है। जनसंपर्क पेशेवर जब मानवीय संवेदनाओं के साथ तथ्यों को समाज तक पहुँचाते हैं, तभी एक स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है।

## बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ, भोपाल मंडल के यात्रियों को मिलेगा लाभ

भोपाल ■ निसं

यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष फेरे का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर उद्घाटन स्पेशल का शुभारंभ 28 अप्रैल 2026 को बनारस से शाम 16:45 बजे किया जाएगा। यह विशेष गाड़ी अत्याधुनिक अमृत भारत रेक (22 कोच) के साथ संचालित होगी। यह उद्घाटन विशेष ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर संचालित होगी, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा।

भोपाल मंडल में प्रमुख ठहराव एवं समय सारणी बीना - आगमन 05:15 बजे, प्रस्थान 05:20 बजे रानी कमलापति - आगमन 07:35 बजे, प्रस्थान 07:40 बजे नर्मदापुरम - आगमन 08:50 बजे, प्रस्थान 08:55 बजे इटारसी - आगमन 09:25 बजे, प्रस्थान 09:30 बजे हरदा - आगमन 10:20 बजे, प्रस्थान 10:25 बजे

इसके पश्चात ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर, दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00:55 बजे हडपसर पहुंचेगी।

रेल प्रशासन द्वारा बताया गया है कि इस उद्घाटन विशेष ट्रेन के नियमित संचालन की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। यह नई अमृत भारत सेवा पूर्व एवं पश्चिम भारत के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए तेज, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### मध्यप्रदेश पुलिस की नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# प्रदेशभर से 1 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कार्यवाही के दौरान पुलिस टीमों ने विगत 07 दिनों में विभिन्न जिलों में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थ, वाहन, नकदी एवं अन्य सामग्री जप्त की है। कई अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही भी की गई।



रीवा: थाना सिविल लाइन पुलिस ने 749 शीशी कोडीन युक्त कफ सिरप (कीमत 1 लाख 50 हजार 549 रुपए) तथा तस्करी में प्रयुक्त बलेनो वाहन (कीमत लगभग 7 लाख रुपए ) सहित लगभग 8 लाख 50 हजार 549 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

वहीं थाना बिछिया पुलिस ने 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर 28.930 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत 4 लाख 20 हजार), परिवहन में प्रयुक्त कार (20 लाख रुपए), 08 मोबाइल (80 हजार रुपए) एवं नग़द 73 हजार 50 रुपए जब्त किए है। इस प्रकार दोनों कार्यवाही में पुलिस ने लगभग 34 लाख 23 हजार 599 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

राजगढ़: जीरापुर पुलिस ने 'ऑपरेशन शुद्धि' के तहत 298 ग्राम स्मैक एवं 5.496 किलोग्राम कैमिकल पाउडर (टांका) जप्त कर लगभग 35 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

नीमच: थाना नीमच पुलिस ने 150 ग्राम एमडी (कीमत 15 लाख रुपए) एवं 06 किलोग्राम पीसा हुआ डोडाचुरा (कीमत 90 हजार रुपए) जप्त कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त 01 पल्सर मोटरसाइकिल भी जप्त की है।

वहीं थाना रतनगढ़ एवं चौकी सरवानिया महाराज पुलिस ने लगभग 23 लाख रुपए का 153 किलो 500 ग्राम अवैध डोडाचुरा जप्त कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बालाघाट: पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया।आरोपियों के कब्जे से 23.140 किलोग्राम गांजा, तस्करी में प्रयुक्त वाहन, 02 बाइक, 10 मोबाइल सहित लगभग 12 लाख 30 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है।

मंदसौर: थाना नारायणगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी की महिन्द्रा कार से 156.5 किलोग्राम डोडाचुरा जप्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 34 हजार 750 रुपए है। वहीं थाना पिपलियामंडी पुलिस ने 01 अंतर्राज्यीय तस्कर को 20.720 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा (कीमत 41 हजार रुपए) सहित गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में थाना नाहरगढ पुलिस ने 500 ग्राम एम.डी., 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा एवं एक्सेस सुजुकी स्कुटर सहित लगभग 10 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। इस प्रकार तीनों कार्यवाही में पुलिस ने लगभग 12 लाख 75 हजार 750 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

शिवपुरी: थाना देहात पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20.45 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 4 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

# बीएमए द्वारा नोबल हॉस्पिटल में स्वास्थ्य वार्ता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

भोपाल ■ निसं

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा नोबल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 'विशेषज्ञ स्वास्थ्य सत्र एवं नि:शुल्क चिकित्सा जांच' का आयोजन किया गया।

ऑन्कोलॉजी पर जानकारी: डॉ. विवेक तिवारी (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) ने 'डर से जागरूकता की ओर' विषय पर संबोधित करते हुए बताया कि सामान्य कैंसरों का प्रारंभिक पहचान के माध्यम से सफलतापूर्वक उपचार और नियंत्रण संभव है।


लिवर स्वास्थ्य: डॉ. अरविंद नामदेव (गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट) ने 'स्वस्थ लिवर, स्वस्थ जीवन' विषय पर चर्चा करते हुए फैटी लिवर की रोकथाम तथा सटीक उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला।



निवारक देखभाल: बीएमए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें जागरूकता और निवारक चिकित के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस कार्यक्रम में सुनील भार्गव, जी.के. छिब्बर, एन.के. छिब्बर ब्रिजी त्रिपाठी डॉ इफ्तखार जी सी यादव एवं आमिर खान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन बीएमए के सचिव शंकर कृष्णन द्वारा किया गया। नोबल हॉस्पिटल के एचआर प्रमुख के. सुरेश कुमार ने इस सहयोग के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. माहेश्वरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## भक्ति का महासंगमः सनावद में आज गूंजेंगे खाटू श्याम के भजन

# इत्र और पुष्प वर्षा से महकेगा श्री कृष्ण बालाजी नगर

खण्डवा ■ निसं

सुदर्शन मिल चौराहा स्थित बालाजी ग्रुप की नवीन कॉलोनी श्री कृष्ण बालाजी नगर आज पूरी तरह बाबा श्याम के रंग में रंगी नजर आएगी। आज सोमवार (एकादशी) को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

दिव्य श्रृंगार और छप्पन भोग होंगे आकर्षण: आज की शाम बाबा खाटू श्याम का दरबार अलौकिक रूप में सजाया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष रूप से छप्पन भोग, इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गई है। साथ ही राधे-कृष्ण की सजीव झाँकियाँ श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो भक्तिमय वातावरण में चार चाँद लगा देंगी।

सुरों के संगम से सजेगी महफिल: शाम को आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में सुरों की महफिल सजेगी, जिसमें जबलपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूनम त्रिपाठी अपनी सुरीली आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इंदौर के ख्याति प्राप्त कलाकार अंकित गुरुजी और साथ में सौरभ लाडला बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाएंगे।

खंडवा के ज्ञानी साउंड की गूंज इस धार्मिक आयोजन को और भी प्रभावशाली बनाएगी।

समाजसेवियों और गणमान्य जनों का होगा सम्मान: बालाजी ग्रुप के संस्थापक और वरिष्ठ समाजसेवी रितेश गोयल ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कॉलोनी का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी कि यहाँ एक बड़ा धार्मिक समागम हो। इसी कड़ी में आज भजन संध्या के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, ताकि समाज में सेवा का भाव और मेल-मिलाप बढ़ सके।

भक्तों से पधारने की अपील: बालाजी ग्रुप ने सनावद सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बाबा के भजनों का आनंद लेने के लिए लोगों का जुटना शुरू हो गया है। बालाजी ग्रुप ने सभी धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में भक्तों को प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का समय आज शाम आठ बजे से देर रात तक रहेगा। जबकि स्थान श्री कृष्ण बालाजी नगर, सुदर्शन मिल चौराहा, ओंकारेश्वर रोड, सनावद होगा।

प्रमुख आकर्षण: इत्र वर्षा, झाँकियाँ, छप्पन भोग एवं सम्मान समारोह होगा।

## पारा 43 डिग्री पर पहुंचा, हल्की बारिश से मिली राहत



इंदौर ■ निसं

इंदौर में रविवार को भीषण गर्मी का दौर जारी रहा और पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि, शाम को अचानक मौसम बदलने और हल्की बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

इंदौर में भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया हालांकि शाम को हुई बूंदाबांदी ने थोड़ी राहत दी। सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवरों ने शहरवासियों को बेहाल कर दिया था लेकिन शाम होते-होते मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिला। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हुई और शहर के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को मामूली सुकून मिला।

रविवार को तापमान में आया उछाल: मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार को दिन के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस का उछाल आया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य औसत से 2 डिग्री अधिक है। दिनभर की तपिश के बाद रात के तापमान में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई गई है, जिसके 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

शनिवार ने तोड़े थे गर्मी के रिकॉर्ड: इससे पहले शनिवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन साबित हुआ था। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर गया। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण रात का पारा भी 6 डिग्री की छलांग लगाकर 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। भीषण गर्मी का प्रभाव पूरे शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां दोपहर के समय पंखों की हवा भी बेअसर साबित हो रही थी।

जनजीवन पर गर्मी का व्यापक असर पड़ रहा: कड़कती धूप और लू के कारण सड़कों पर आवाजाही काफी कम रही। लोग केवल अनिवार्य कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। प्रमुख चौराहों पर वाहन चालक रेड सिग्नल के दौरान धूप से बचने के लिए आसपास की छांव तलाशते दिखे। रात के समय भी गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहने से लोगों की नींद प्रभावित हुई और पूरे 24 घंटे गर्मी का प्रकोप बना रहा। शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री अधिक यानी 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## कांग्रेस सेवादल ने ध्वज बंधन कर दी सलामी



*माखननगर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी व प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अविनेश भार्गव के निर्देश पर जिला कांग्रेस की सहमति से ब्लॉक व नगर सेवादल के बैनर तले रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप मिश्रा के निवास प्रांगण में गांधी टोपी धारकों ने ध्वज वंधन कर सलामी दी और 'रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम । ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान ।। भजन गाते हुए सेवादल के सिपाही कतार बद्ध प्रभातफेरी पर निकले और पंडित माखनलाल चतुर्वेदी मूर्ति स्थल पंहुचे । जहाँ दादा की मूर्ति को पानी से साफ कर आसपास भी झाडू से सफाई की गई और दादा की मूर्ति पर सूत की माला अर्पित की । कार्यक्रम मैं ध्वज बंधन कर अतिथि कुलदीप मिश्रा द्वारा फहराया गया और पहले राष्ट्र गीत व राष्ट्र गान कर ध्वज सलामी दी गई । जिला सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि राष्ट्र व प्रदेश सेवादल के निर्देश पर अब हर माह के अंतिम रविवार को जिले के सभी ब्लाकों मैं ध्वज बंधन व प्रभातफेरी निकाली जाएगी ।*

*इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव यशवंत सिंह राजपूत प्रदेश सेवादल के यंग बिग्रेड अध्यक्ष गजानंद तिवारी ,जिला सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता, एनटीसी प्रशिक्षित अरविन्द सिंह सोलंकी ,उमेश तिवारी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोनू यादव, नगर अध्यक्ष रत्नेश बड़गूजर, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष सुबोध दुबे ,नगर अध्यक्ष कार्तिकेय वर्मा ,उपाध्यक्ष गौरीशंकर यादव , मंडलम अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी,रामकिशन यादव ,नवल किशोर माहेश्वरी अरुण तिवारी ,हातिम खान ,इरफान बाबा, जीतू चौधरी ,अनिल चौरे ,शेखर राजपूत ,लीलाधर यादव, बलराम अहिरवार ,शरद त्रिवेदी, पार्षद बबलू अंसारी , प्रदी, बबलू अंसारी , प्रदीप जैन मुंटी, द्वारका चौधरी,सुशील राजपूत, मुकेश चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल।*

## अंडरग्राउंड पार्किंग में बाधा बनी सायकिल दुकान

# नपा द्वारा दुकान हटाने का नोटिस देने के बाद भी नहीं हट रही दुकान

**प्रशासन द्वारा नगर में कभी भी अतिक्रमण विरोधी के लिए संयुक्त दल बनाकर कार्यवाही की जाती है लेकिन सायकिल दुकानदार को किस नेता का बरदस्त प्राप्त है कि प्रशासन भी दुकान का अतिक्रमण हटाने में नाकाम हो रहा है**



सिवनी मालवा ■ निसं

नगर के जय स्तंभ चौक नगर पालिका कार्यालय के पास ढाई करोड रुपए की लागत से बनने वाली नगर की एक मात्र अंडरग्राउंड पार्किंग निर्माण कार्य विगत कार्य चालू है। पार्किंग निर्माण कार्य मे एक साइकिल दुकान बाधा बनी हुई हैं इस संबंध मे ठेकेदार अशोक पाराशर से निर्माण कार्य में देरी होने का कारण पूछा गया तो ठेकेदार में जानकारी देती बताया कि अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण कार्य चालू है लेकिन इस कार्य में परेशानी के सबक बनी खंडेलवाल साइकिल दुकान नहीं हटने से काम में भारी परेशानी और रुखाबट आ रही है । नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन के प्रयासों से पार्किंग कार्य चालू किया गया पार्किंग स्थल के आस पास का अतिक्रमण हटाया गया अतिक्रमण हटाने के दौरान आस पास लगी दुकानों को हटाया गया सभी दुकानदारों ने आदेश का पालन करते हुए तत्काल दुकान हटा लिया और पार्किंग स्थल पर बनी ठंडे पानी कि प्याऊ को भी तोडा गया । पार्किंग के लिए 10 से 15 फुट गहरे गद्दे खोदा जा चुका है। और निर्माण कर करने में अभी उक्त दुकान को हटाना अनिवार्य हो गया है । हमारे द्वारा काम में तेजी लाई जा रही है वर्षा होने से पहले ही कॉटन बाल का कार्य कर लिया जाएगा । हमारे द्वारा नगर पालिका को पत्र लिखकर सूचित भी किया गया है। पार्किंग निर्माण के बनाए गए गड्ढे में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है । बरसात भी शुरू होने वाली है

इस में कहीं पानी भर गया तो तालाब में तब्दील न हो जाए ।वही जयस्तमभ चौक के पास ठेकेदार के द्वारा बीच चौक पर टीन सेट लगाकर पूरे चौक पर रेत ,लोह आदि निर्माण का सामना पटक कर चौक बंद कर रखा है जिससे विधुत विभाग और मुख्य बाजार में जाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । कई बार दो पहिया वाहन की दुर्घटना भी हो चुकी है ।पार्किंग निर्माण में हो रही देरी अत्यधिक समस्या का कारण बन रही है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह: उईके का कहना है कि पार्किंग का काम नगर पालिका के द्वारा करवाया तो जा रहा है लेकिन निर्माण में हो रही की देरी के कारण दुकान भी परेशानी का कारण है। खंडेलवाल साइकिल स्टोर को भी दुकान खाली करने के लिए बोला था लेकिन दुकान संचालक मुकेश खंडेलवाल ने अपनी साइकिल कि दुकान नहीं हटा रहा है 3-4 बार नोटिस जारी किया गया है नोटिस में स्पष्ट शब्दों में लिखा हुआ है कि 7 दिनों के अंदर दुकान खाली करना लेकिन वह दुकान नहीं हटा रहा है। पार्किंग निर्माण में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या हानि होती है तो दुकान संचालक कि जवाबदारी रहेगी । उक्त दुकानदार को भाजपा के ही बड़े नेता का जबरदस्त प्राप्त है और प्रशासन दुकान को हटाने में असफल हो रहा है आप देखना यह है कि नगर पालिका उक्त दुकान को हटती है या फिर पार्किंग निर्माण का कार्य कछुआ चाल से चलता रहेगा । और नगर के यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती रहेगी ।

## जेल से वापस जाकर फिर कोई आपराधिक कृत्य ना करे जिससे वापस यहां ना आना पड़ेः न्यायाधीश सरोज डेहरिया

सिवनी मालवा ■ निसं

आप सभी जब यहां से वापस अपने घर जाए तो इसके बाद कोई भी आपराधिक कृत्य ना करे ताकि फिर से दोबारा आपको यहां ना आना पड़े। सभी अपने परिवार और समाज के साथ हिलमिल कर रहे। उक्त बात न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायाधीश सुश्री सरोज डेहरिया ने उपजेल आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर में कही। न्यायाधीश सु श्री सरोज डेहरिया ने परिरूद्ध बंदियों से कहा कि आप सभी अब अपनी आपराधिक कृत्यो को छोड़कर समाज में रहकर अच्छा इंसान बनने का प्रयास करे ताकि आगे आप और आपका परिवार समाज में इज्जत प्राप्त कर सके। यहां का जीवन समाज से अलग कर देता है। आप सभी सामजिक जीवन जीकर अपने परिवार और बच्चो को अच्छे संस्कार दे। उन्होंने सभी बंदियों से उनके प्रकरणो के संबंध में पूछताछ की सभी ने अपने प्रकरणो में न्यायालय में अधिवक्ता होने की बात कही। न्यायाधीश डेहरिया ने बंदियों को विधिक जानकारी दी। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जेल में परिरूद्ध बंदियों के बी.पी., शुगर, डेन्टल एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया है।

## वैवाहिक समारोह में हत्या और पुलिस पर हमला करने वाला 20 हजार का इनामी आदतन अपराधी गिरफ्तार



**सिवनी मालवा ।** थाना शिवपुर पुलिस ने वैवाहिक समारोह में हत्या, कई लोगों पर जानलेवा हमला और पुलिसकर्मी पर चाकू से वार करने वाले 20 हजार रुपए के इनामी आदतन अपराधी लोकेश कीर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को पुलिस टीम ने गंजाल नदी किनारे कोलगांव के जंगलों से घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार (चाकू) भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में प्रस्तुत किया जा रहा है।

घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय सिवनी मालवा ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों के कारण दौलतराम कीर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के आधार पर थाना शिवपुर में अपराध क्रमांक 102/2026 धारा 296(06), 118(1), 100(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस टीम पर भी किया हमला: घटना के बाद जब पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने पहुंची तो फरार आरोपी लोकेश कीर ने शिवपुर थाने में पदस्थ आरक्षक ओमप्रकाश जाट पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल आरक्षक को तत्काल उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय सिवनी मालवा भेजा गया। इस मामले में थाना शिवपुर में आरोपी लोकेश कीर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 109(1), 132, 121 बीएनएस के तहत एक और मामला दर्ज किया गया।

गंभीरता को देखते हुए बनीं अलग-अलग टीमें: घटना की गंभीर प्रकृति को देखते हुए थाना प्रभारी शिवपुर ने तत्काल पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्णा को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कीं।

## एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन का महिला सशक्तिकरण की ओर एक और कदम

# सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण सेंटर बाबई ने जीआरसी महेन्द्रबाड़ी मैं दिये डिप्लोमा प्रमाण पत्र

माखननगर ■ निसं

महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार महिलाओं, युवतियों को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित कर स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहे एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के जीआरसी केन्द्र महेन्द्रबाड़ी मैं शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें माखननगर बाबई मैं संचालित सिलाई प्रशिक्षण व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र की महिलाओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।




इस अवसर पर जीआरसी केन्द्र महेन्द्रबाड़ी समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ,डब्ल्यूईसी केन्द्र बाबई अध्यक्ष सरला महेश्वरी , संतोष अग्रवाल व एकल के केन्द्रीय योजना प्रमुख दिलीप बाडिवा ने गौ पूजन किया और एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन द्वारा चलाये जाने वाले महिला सशक्तिकरण के कार्यो व उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर उद्यानकी विभाग के राजेश आठनेरे, श्रीमति मृणालिनी अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, पत्रकार अरविन्द सिंह सोलंकी, स्टेट क्वाडिनेटर बलदेव सिंह राजपूत,सुशील कासदे, बाबई सिलाई ट्रेनर माया सोलंकी,ब्यूटीशियन मोहिनी राजपूत, सेमरी उप ट्रेनर सैली चौहान,मोनिका राजपूत, गुरु करियाम, उमेश यादव सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी ।

## जनगणना 2027 प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण संपन्न

माखननगर ■ निसं

जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण के अंतर्गत नगर परिषद माखन नगर कार्यालय में जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत की अध्यक्षता में फील्ड ट्रेनर केके दुबे, केके बरकरे द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया गया।

प्रशिक्षण में 30 प्रगणक एवं 06 सुपरवाइजरों एवं जनगणना में संलग्न कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं ऐप आधारित कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा फील्ड में प्रायोगिक टेस्टिंग भी की गई।सभी प्रतिभागियों ने निष्ठा के साथ जनगणना कार्य करने की शपथ ली।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को पूर्णत: डिजिटल, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराना है। यह देश की अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा।



चार्ज अधिकारी जीएस राजपूत ने बताया कि जनगणना का संपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, इसलिए सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे फील्ड अधिकारियों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं के निर्माण हेतु प्रमाणिक डाटा एकत्रित किया जा सके।

दो चरणों में होगी जनगणना : प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक ।इस चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्णत: एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा।

## डंडा लेकर बीच सड़क धमकाता रहा गुंडा

# बच्ची को बचाने हाथ जोड़ते रहे बेबस माता-पिता

इंदौर ■ निसं

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में एक बदमाश द्वारा कार सवार परिवार को डंडे से धमकाने और वसूली का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने घटना का वीडियो बना लिया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है जो फिलहाल फरार है।

इंदौर में सड़क चलते लोगों को गाड़ी की टक्कर के नाम पर लूटने के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इसी तरह का एक मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगड़दा रोड पर हुआ। यहां एक अज्ञात बदमाश ने कार में सवार एक दंपती और उनकी दो वर्षीय मासूम बच्ची पर डंडे से हमला करने का प्रयास किया। इस पूरी घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी, हालांकि आरोपी फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है।

शादी का कार्ड देने इंदौर आया था परिवार: एरोड्रम पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक,



उज्जैन के नागदा क्षेत्र के रहने वाले अंकित सैनी अपनी पत्नी संध्या और दो साल की बेटी के साथ इंदौर आए थे। वे अपने किसी रिश्तेदार को वैवाहिक कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र देने के लिए बांगड़दा क्षेत्र पहुंचे थे। इसी दौरान कालका माता मंदिर चौराहे के समीप एक बदमाश ने अचानक उनकी कार के सामने आकर रास्ता रोक लिया और हाथ में डंडा लेकर खड़ा हो गया।

डरा-धमका कर वसूली करता है आरोपी: घटना के दौरान आरोपी ने अंकित की कार से टक्कर लगने का झूठा आरोप लगाते हुए विवाद करना शुरू कर दिया। बदमाश के उग्र व्यवहार को देखकर कार के भीतर बैठी महिला बुरी तरह डर गई और उसने हाथ जोड़कर आरोपी से परिवार को छोड़ने की प्रार्थना की। बताया जा रहा है कि आरोपी जानबूझकर वाहनों से टकराने का नाटक करता है ताकि वह वाहन चालकों को डरा-धमका सके और उनसे अवैध रूप से रुपयों की वसूली कर सके।

### पुलिस के आने से पहले ही घर से भाग गया आरोपी

पीड़ित परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए कार के अंदर से ही इस पूरी वारदात का वीडियो बना लिया और बाद में इसे सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और आरोपी की पहचान दुर्गा कॉलोनी निवासी मंगल शर्मा के रूप में की। पुलिस बल ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पर छापा मारा, लेकिन वह वहां नहीं मिला। फिलहाल पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## महिला आरक्षण के समर्थन में कांग्रेस का पैदल मार्च

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में महिला आरक्षण के मुद्दे पर सियासी संग्राम तेज हो गया है। प्रदेश कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्लेटिनम प्लाजा से रोशपुरा तक पैदल मार्च निकाला। 1 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता पैदल मार्च में शामिल हुए।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता प्लेटिनम प्लाजा से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। मार्च में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है, जबकि उनकी मांग है कि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर ही तत्काल 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाए।



एमपी विधानसभा में मिले अभी आरक्षण: पटवारी- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने संबोधन में पीएम मोदी को झूठों का सरदार बताया। पटवारी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान भी झूठों का सरदार और मोहन यादव उनकी नकल करने वाले हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस कल के विधानसभा सत्र में पटल पर यह मांग रखने वाली है कि महिलाओं को विधानसभा में आज की स्थिति में आरक्षण प्रदान किया जाए। हम इसका समर्थन करेंगे।

बीजेपी ने खुद अपनी महिला नेताओं को किनारे किया: सिंघार- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि बीजेपी आज नारी सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन बीजेपी अपनी ही पार्टी की सशक्त महिलाओं को किनारे लगा रही है। वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति से गायब कर दी गईं। एमपी में उमा भारती, कुसुम महदेले को बीजेपी ने किनारे लगा दिया। हम महिला आरक्षण के पक्ष में हैं लेकिन आज की स्थिति में इसे दिया जाए।

## अनमोल वचन

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।
**जॉन टिलोटसन**

जब भी कोई हंसने का अवसर मिले तो, 'हंसे' यह एक सुलभ दवा है।
**लार्ड ब्रायन**

## सम्पादकीय

# भारतीय राजनीति के बदलते समीकरण

*आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों के इस्तीफे और उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से 'लोटस अभियान' को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। विशेष रूप से पंजाब, जहां आप की सरकार है, पंजाब की राजनीति के लिये यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। पंजाब में भाजपा लंबे समय से अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर भाजपा 5 दशक से अपना झंडा गाड़ना चाहती थी, लेकिन वह आज तक सफल नहीं हो पाई। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, इंडियन नेशनल कांग्रेस और आप आदमी पार्टी की पैठ हैं। कांग्रेस में पिछले दशक में काफी तोड़-फोड़ हुई है। अब आप नेताओं में दल-बदल शुरू हुआ है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों का इस्तीफा इस बात का संकेत है। आने वाले समय में पंजाब की राजनीति में बड़े राजनीतिक बदलाव होने जा रहे हैं। पंजाब सरकार इस संकट में गिर भी सकती है। अरविन्द केजरीवाल की नजर पंजाब के बाद गुजरात पर बनी हुई है। अगले वर्ष पंजाब और गुजरात में चुनाव होना है। गुजरात में केजरीवाल सीधे प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा इसे चुनौती मानकर आम आदमी पार्टी को पंजाब में उलझाकर गुजरात में केजरीवाल और आप को रोकना चाहती है। वहीं पंजाब में भाजपा कब्जा करना चाहती है। ताकि वह अन्य राज्यों में आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के विस्तार को रोक सके। भाजपा ने यह राजनीतिक सक्रियता ऐसे समय में बढ़ाई है, जब बंगाल और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में चुनावी प्रक्रिया जारी है। उनके परिणाम जल्द आने वाले हैं। भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण के नाम पर महिलाओं को लुभाने की राजनीति शुरू कर दी है। प. बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बनाकर प्रचारित किया है। पंजाब भी उसी क्रम में शामिल है। भाजपा महिलाओं को आगे करके आक्रामक राजनीति शुरू कर दी है। ऐसे समय पर लोटस अभियान को संचालित करना अगली चुनावी रणनीति का हिस्सा है। विश्लेषकों का मानना है, सांसदों के इस्तीफे और महिला आरक्षण जैसे मुद्दों को जोड़कर भाजपा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा जुट गई है। विपक्षी दलों और इंडिया अलायंस में शामिल विपक्षी दलों के बढ़ते आक्रामक रुख के बीच भाजपा अपने प्रभुत्व को बनाए रखने, विपक्षी दलों में फूट डालने के लिए हर संभव रणनीति को अपना रही है। साल 2027 में सात राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी अभी से संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने लोटस अभियान एवं जांच एजेंसियों के माध्यम से खुद को उन राज्यों में मजबूत करना चाहती है, जहां उसका प्रभाव ना के बराबर है। एक बड़ा प्रश्न है कि क्या इस तरह की रणनीतियां लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीति में विपरीत असर नहीं डालती हैं? विपक्ष आरोप लगाता रहा है, संवैधानिक संस्थाएं सरकार के प्रभाव में काम कर रही हैं। भाजपा इन आरोपों को खारिज करती है। लोटस अभियान के कारण भाजपा की साख में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भारत की राजनीति में लोटस अभियान अब लगातार चलने वाली प्रक्रिया बन चुकी है। पिछले 12 वर्षों में जितने भी दल बदल हुए हैं, उसमें दल-बदल करने वाले सभी राजनैतिक दलों के नेता भाजपा में गए हैं। लोटस अभियान की तहत से कई सरकारें गिराई गई हैं। पिछले 15 वर्षों में जिस बड़े पैमाने पर दल-बदल का लाभ भाजपा को मिला है, इसके पहले यह स्थिति भारतीय राजनीति में कभी देखने को नहीं मिली थी। पिछले 12 वर्षों में एक चुनाव खत्म होते ही भाजपा अगले चुनाव की तैयारी शुरू कर देती है। भारतीय जनता पार्टी 2047 तक सत्ता में बने रहने की रणनीति पर काम कर रही है। नारी वंदन अधिनियम को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। जिन राज्यों में भाजपा का कोई प्रभाव नहीं है। उन राज्यों में येन-केन-प्रकारेण भाजपा 2029 के पहले सत्ता में आना चाहती है। लोकसभा चुनाव में 400 सीट लाने का जो लक्ष्य भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरा नहीं कर पाई वह 2029 में भाजपा पूरा करना चाहती है। विपक्ष और भाजपा इस समय बहुत आक्रामक है। भाजपा के लिए अभी जो अनुकूलता है। सारी संवैधानिक संस्थाओं में भाजपा और सरकार की मजबूत पकड़ है। इससे ज्यादा अनुकूलता भविष्य में नहीं मिल सकती है। इस अवसर का लाभ भाजपा हर हालत में उठाना चाहती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के पास अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिये करो या मरो के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जिसके कारण भारत की राजनीति महाभारत के युद्ध की तरह हो गई है। जिसमें योद्धाओं का एक ही लक्ष्य है। किसी भी तरह जीत हासिल करो। प्रेम और युद्ध में सब जायज है। जो जीतेगा वही सिकंदर बनेगा।*

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

*एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।*

# नौकरियों और विकास के लिए महिलाओं के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक समझौता



**पीयूष गोयल**
(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)

*यह एफटीए प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ शामिल हैं, के साथ हुए कई ऐतिहासिक व्यापार समझौतों के बाद हो रहा है। ये समझौते वैश्विक बाजारों में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं और निर्यातकों को दुनिया की कुछ सबसे लाभकारी अर्थव्यवस्थाओं में, यहां तक कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता और उथल-पुथल के बीच भी, प्रतिस्पर्धा आधारित बढ़त प्रदान करते हैं।*

भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिस पर सोमवार को हस्ताक्षर किये जायेंगे, विकसित दुनिया के साथ भारत की सहभागिता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह वैश्विक आर्थिक साझेदारियों को किसानों, महिलाओं, युवाओं और रोजगार सृजक उद्योगों के लिए ठोस लाभ में बदलने से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण में हुई निर्णायक प्रगति को प्रतिबिंबित करता है। यह एफटीए प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ शामिल हैं, के साथ हुए कई ऐतिहासिक व्यापार समझौतों के बाद हो रहा है। ये समझौते वैश्विक बाजारों में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं और निर्यातकों को दुनिया की कुछ सबसे लाभकारी अर्थव्यवस्थाओं में, यहां तक कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता और उथल-पुथल के बीच भी, प्रतिस्पर्धा आधारित बढ़त प्रदान करते हैं।

निर्यात और रोजगार को मजबूत बढ़ावा: दोनों पक्षों के लिए समान रूप से लाभकारी इस समझौते के केंद्र में न्यूजीलैंड की यह प्रतिबद्धता है कि वह तुरंत ही सभी भारतीय उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा, जिससे उस बाजार में एक महत्वपूर्ण बाधा दूर होगी, जहाँ हमारे प्रमुख निर्यात पर वर्तमान में 10% शुल्क लगाया जाता है।

यह वस्त्र, कालीन, धागे, कपड़े, फुटवियर, बैग, बेल्ट, वाहन घटक, मशीनरी, उपकरण, रत्न और आभूषण तथा हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। रोजगार के अवसरों का सृजन करने वाले ये उद्योग भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम की रीढ़ हैं और इन्हें मूल्य प्रतिस्पर्धा और बाजार पहुँच से लाभ मिलेगा। इससे निर्यात बढ़ेगा और निर्माण केन्द्रों, कारीगर समुदायों और लघु उद्यमों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

यह समझौता उस व्यापक दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जो 2014 में मोदी सरकार के गठन के बाद से भारत की व्यापार नीति का मार्गदर्शन कर रहा है। यह समावेश, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि में निहित है। व्यापार को राष्ट्रीय परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों को लाभ पहुंचाता है।

नारी शक्ति: इस समझौते की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता टीम की लगभग सभी सदस्य महिलायें थीं। इनमें मुख्य वार्ताकार, उप मुख्य वार्ताकार, क्षेत्र प्रमुख और न्यूज़ीलैंड में भारत की राजदूत शामिल हैं।

यह उपलब्धि मोदी सरकार में महिलाओं के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। यह शासन, नेतृत्व और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है और राष्ट्रीय विकास के संचालक के रूप में नारी शक्ति के विचार को सुदृढ़ करती है।

किसान पहले: एफटीए की संरचना कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गयी है। न्यूज़ीलैंड कीवी, सेब और शहद के लिए कृषि उत्पादकता कार्ययोजनाओं का समर्थन करेगा। इन पहलों में बेहतर बीज सामग्री, अनुसंधान सहयोग, किसानों के लिए क्षमता निर्माण, बागवानी प्रबंधन प्रथाएं, कटाई के बाद सुधार, खाद्य सुरक्षा प्रणालीऔर उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना शामिल है। सेब उत्पादकों और सतत मधुमक्खी पालन तौर-तरीकों के लिए परियोजनाएं उत्पादन और गुणवत्ता मानकों को बढ़ाएंगी, जिससे कृषि समृद्धि में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, भारत ने अपने प्रमुख कृषि हितों की मजबूती से सुरक्षा की है। डेयरी उत्पादों (जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही और पनीर);प्याज, चना, मटर, मकई, बादाम, चीनी और कुछ ख़ास तेल और वसा जैसी संवेदनशील वस्तुओं को शुल्क छूट से बाहर रखा गया है। समझौता सुनिश्चित करता है कि घरेलू किसान हानिकारक आयात प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित रहें। किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा करना सभी व्यापार वार्ताओं में भारत के दृष्टिकोण का केंद्र रहा है।

युवा और पेशेवर: समझौते का एक प्रमुख स्तंभ छात्रों और कुशल पेशेवरों के लिए बढ़ी हुई आवागमन की सुविधा है, जो भारत के युवाओं के लिए नए वैश्विक मार्ग का निर्माण करती है।

किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते में पहली बार, न्यूजीलैंड ने भारतीय छात्रों के आवागमन और अध्ययन के बाद काम करने के अवसरों के लिए एक संरचना-युक्त रूपरेखा पेश की है। भारतीय छात्रों पर कोई संख्यात्मक सीमा नहीं है। छात्रों को अध्ययन के दौरान प्रति सप्ताह कम से कम 20 घंटे काम करने की अनुमति दी जाएगी, जबकि अध्ययन के बाद काम करने के अधिकार - एसटीईएम स्नातकों के लिए तीन वर्षों तक और डॉक्टर डिग्री के शोधार्थियों के लिए चार वर्षों तक - बढ़ाए गये हैं। समझौता किसी भी समय 5,000 भारतीय पेशेवरों तक के लिए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा मार्ग पेश करता है, जिसके तहत आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, निर्माण तथा योग, आयुर्वेद, भारतीय व्यंजनऔर संगीत शिक्षा जैसे चयनित पारंपरिक क्षेत्रों में तीन वर्षों तक रहने की अनुमति होगी।

इसके अलावा, एक वर्किंग हॉलीडे वीज़ा योजना प्रत्येक वर्ष 1,000 युवा भारतीयों को न्यूज़ीलैंड में 12 महीने तक रहने और काम करने की अनुमति देगी, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक अनुभव को मजबूती मिलेगी।

निवेश और नवाचार: न्यूजीलैंड ने भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इससे विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सेवाओं, नवाचार इकोसिस्टम और रोजगार सृजन को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक 'पुनर्संतुलन खंड' शामिल किया गया है, जिससे भारत को यह अधिकार मिलता है कि यदि निवेश संबंधी प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं होतीं हैं, तो वह सुधारात्मक कदम उठा सकता है। यह समझौता अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास और नवाचार-आधारित क्षेत्रों में सहयोग को भी बढ़ावा देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दीर्घकालिक विकासात्मक साझेदारियों में व्यापार पूरक भूमिका निभाएगा।

व्यापार रणनीति: भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करने की स्पष्ट और भरोसेमंद व्यापार रणनीति को प्रतिबिंबित करता है, जो भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए सार्थक बाजार पहुँच की सुविधा देता है और घरेलू संवेदनशीलताओं का सम्मान करता है।

आज भारत ताकत और विश्वसनीयता की स्थिति के साथ वार्ता करता है। पहले के दशकों में व्यापार समझौतों को अक्सर संवेदनशील क्षेत्रों को अपर्याप्त सुरक्षा दिए बिना अंतिम रूप दिया जाता था, इसके विपरीत वर्तमान वार्ताएं सुनिश्चित करती हैं कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें।

# भारत-दक्षिण कोरिया रिलेशन्स आज के दौर में



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

*भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ह्यो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।*

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध आज के वैश्विक दौर में नई अहमियत प्राप्त कर रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और क्षेत्रीय शांति के समर्थक हैं। एशिया के बदलते शक्ति संतुलन, चीन की बढ़ती आक्रामकता, आपूर्ति श्रृंखला संकट, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने भारत तथा दक्षिण कोरिया को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर दिया है। दोनों देशों के बीच वर्षों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन अब समय की मांग है कि इन्हें नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यावहारिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए। भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ह्यो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। राजनयिक स्तर पर भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 1973 में औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में लगातार प्रगति हुई है। वर्ष 2010 में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया और बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों देश एक-दूसरे को दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उच्च स्तरीय यात्राएँ, विदेश मंत्री स्तर की बैठकें, व्यापारिक संवाद और रक्षा वार्ताएँ इन संबंधों को लगातार मजबूत कर रही हैं। आर्थिक क्षेत्र में दक्षिण कोरिया भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है। दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से उन्नत, औद्योगिक रूप से मजबूत और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था वाला देश है, जबकि भारत विशाल बाजार, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। द्विपक्षीय व्यापार हाल के वर्षों में बढ़ा है और लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। हालांकि यह क्षमता की तुलना में अभी भी कम है। भारत का दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार घाटा भी चिंता का विषय बना हुआ है। दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनियाँ भारत में लंबे समय से निवेश कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल निर्माण, स्टील, शिपबिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कोरियाई कंपनियों की मजबूत उपस्थिति है। भारत में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया का निवेश अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया 'स्टार्टअप इंडिया' और 'ग्रीन एनर्जी' जैसे अभियानों में कोरियाई तकनीक तथा पूंजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इसके बावजूद कुछ चुनौतियाँ भी हैं। वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता यानी ष्टश्वक्क लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य व्यापार को गति देना था। लेकिन अपेक्षित परिणाम पूरी तरह सामने नहीं आए। गैर-टैरिफ बाधाएँ, गुणवत्ता मानकों से जुड़े नियम, जटिल नियामक प्रक्रियाएँ, लॉजिस्टिक समस्याएँ और बाजार पहुँच की कठिनाइयाँ व्यापार वृद्धि में रुकावट बनती रही हैं। भारत को अपने निर्यात में विविधता लानी होगी, जबकि दक्षिण कोरिया को भारतीय उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने होंगे। आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कंपनियाँ केवल चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं और नए उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। यह स्थिति भारत और दक्षिण कोरिया दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। दक्षिण कोरियाई कंपनियाँ यदि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन केंद्र स्थापित करती हैं, तो उन्हें विशाल बाजार, सस्ती श्रमशक्ति और रणनीतिक स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं भारत को तकनीक, रोजगार और निर्यात क्षमता में वृद्धि प्राप्त होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, बैटरी निर्माण, ऑटोमोबाइल, रक्षा उत्पादन और जहाज निर्माण ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ सहयोग तेजी से बढ़ सकता है। रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र, खुला और समावेशी व्यवस्था का समर्थन करता है। दक्षिण कोरिया भी क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा का समर्थक है। चीन की आक्रामक नीतियाँ, समुद्री मार्गों पर दबाव और क्षेत्रीय तनाव ने कई देशों को नए साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। भारत और दक्षिण कोरिया इस संदर्भ में स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं।

हालाँकि दक्षिण कोरिया की सुरक्षा प्राथमिकताएँ कुछ अलग हैं। उसका प्रमुख ध्यान उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे और अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन पर केंद्रित रहता है। दूसरी ओर भारत की चिंताएँ चीन, हिंद महासागर, सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन से जुड़ी हैं। फिर भी दोनों देशों के हित कई क्षेत्रों में समान हैं। रक्षा उद्योग सहयोग, साइबर सुरक्षा, समुद्री निगरानी, आतंकवाद विरोधी प्रयास और नई सैन्य तकनीकों में संयुक्त कार्य किया जा सकता है। रक्षा क्षेत्र में दक्षिण कोरिया ने विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उसके पास आधुनिक रक्षा उत्पादन क्षमता है। भारत यदि संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और अनुसंधान सहयोग पर जोर दे, तो दोनों देशों को लाभ हो सकता है। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति और दक्षिण कोरिया की तकनीकी क्षमता मिलकर नई संभावनाएँ पैदा कर सकती हैं।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में साइलेंट वोटर क़े प्रभाव क़ी चर्चा

*किशन सनमुखदास भावनानी*

*वैश्विक स्तरपर पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से ही तीव्र भावनाओं,जटिल सामाजिक समीकरणों और उच्च स्तर की जनभागीदारी के लिए जानी जाती रही है,लेकिन 23 अप्रैल 2026 को हुए मतदान और 24 अप्रैल 2026 को सामने आए पहले चरण के मतदान के आंकड़ों ने इस परंपरा को एक नए शिखर पर पहुंचा दिया है। लगभग 93 प्रतिशत औसत मतदान और कई विधानसभा क्षेत्रों में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक ऊर्जा,राजनीतिक ध्रुवीकरण और मतदाताओं की असाधारण सक्रियता का संकेतक है।इस अभूतपूर्व मतदान ने न केवल राज्य के भीतर राजनीतिक समीकरणों को हिला दिया है,बल्कि राष्ट्रीय स्तरपर भी चुनावी विश्लेषकों, राजनीतिक दलों और नीति निर्माताओं के बीच गहन चर्चा को जन्म दिया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सबसे पहले इस रिकॉर्ड मतदान के स्वरूप को समझना आवश्यक है।2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 83.2 प्रतिशत मतदान हुआ था,जिसे उस समय भी उच्च माना गया था। इसके मुकाबले 2026 में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि केवल प्राकृतिक उतार-चढ़ाव नहीं मानी जा सकती।यह वृद्धि संकेत देती है कि इसबार क़ा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता बनाए रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह मतदाताओं के लिए पहचान,सुरक्षा विकास और राजनीतिक भविष्य से जुड़ा व्यापक जनमत संग्रह बन चुका है। जब मतदान प्रतिशत 90 के पार जाता है, तो आमतौर पर यह माना जाता है कि समाज के वे वर्ग भी मतदान में शामिल हुए हैं, जो सामान्यत: निष्क्रिय रहते हैं। साथियों बात अगर हम इस बढ़ी हुई भागीदारी के पीछे कई कारक काम कर रहे हैं इसको समझने की करें तो पहला और सबसे महत्वपूर्ण है राजनीतिक ध्रुवीकरण। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से वैचारिक और सामाजिक विभाजन तीखा हुआ है, उसने मतदाताओं को निष्क्रिय रहने की गुंजाइश नहीं छोड़ी। दूसरा कारक है महिला मतदाताओं की अभूतपूर्व भागीदारी। रिपोर्ट्स के अनुसार कई क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा,जो यह संकेत देता है कि कल्याणकारी योजनाएं, सुरक्षा का मुद्दा और सामाजिक सम्मान जैसे विषय निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। तीसरा महत्वपूर्ण तत्व है प्रशासनिक सख्ती और सुरक्षा व्यवस्था,जिसे इलेक्शन कमिशन ऑफ़ इंडिया ने लागू किया। केंद्रीय बलों की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और बूथ स्तर पर पारदर्शिता ने मतदाताओं में विश्वास बढ़ाया।अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस बंपर मतदान का राजनीतिक लाभ किसे मिल सकता है। पारंपरिक चुनावी विश्लेषण कहता है कि जब मतदान प्रतिशत बढ़ता है, तो यह अक्सर सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) का संकेत होता है। इसका कारण यह है कि असंतुष्ट मतदाता अधिक संख्या में मतदान के लिए बाहर निकलते हैं। यदि इस सिद्धांत को लागू किया जाए, तो विपक्षी दलों को इसका लाभ मिल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल का राजनीतिक परिदृश्य इतना सरल नहीं है। यहां सत्तारूढ़ दल की जमीनी पकड़, संगठनात्मक ताकत और लाभार्थी योजनाओं का प्रभाव भी सटीक रूप से अत्यंत गहरा है। साथियों बात अगर हम इसको उदाहरण के रूप में समझने की करें तो उदाहरण के लिए, यदि ग्रामीण क्षेत्रों और महिला मतदाताओं में वृद्धि अधिक है, तो इसका लाभ सत्तारूढ़ दल को मिल सकता है।*

## खास बात

### 33 करोड़ देवी- देवताओं के सहारे भारत

भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है।हर कोई आता है, अपना सामान महंगी कीमत पर बेचकर चला जाता है। जनता को महंगी कीमत चुकानी पड़ती है। सरकारी खजाना भी भरता है। विदेश से जो माल भारत आता है। नेताओं, अधिकारियों को भारी कमीशन मिल जाता है। कारोबारी की बड़ी कमाई हो जाती है। नेताओं और अधिकारियों की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अदालतें और संवैधानिक संस्थाएं भी लोकतंत्र के नाम पर सरकार की दरबारी बनकर रह गई हैं। ऐसी स्थिति में भारत की 140 करोड़ आबादी त्राहिमाम त्राहिमाम करते हुए, 33 करोड़ देवी देवताओं को याद करके बाल बच्चों का पेट पाल रही है ।गहना गुरिया बिक गया। कर्ज अलग से चढ़ गया है।

### राहुल और स्टालिन एक मंच पर नहीं

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में एक मंच पर शिरकत करने नहीं आए। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया ।वहीं स्टालिन डीएमके उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करते रहे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में देखने को मिली। संसद में इंडिया गठबंधन एक साथ बैठा हुआ दिखता है। परिसीमन बिल को लेकर इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त एकता दिखाई। जब राज्यों की बात आती है। तब तमिलनाडु हो या पश्चिम बंगाल, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल राहुल गांधी के साथ मंच साझा नहीं करते हैं ।यह अजीब विडंबना है। इसका फायदा मोदी सरकार उठाती है, आगे भी उठाती रहेगी।

### चुनाव मे भाजपा और ईड़ी का चोली दामन का साथ

जब भी चुनाव आते हैं। चुनाव आयोग के पहले ईड़ी की कार्यवाही शुरू हो जाती है। छापे-छूपे के बाद जब परिस्थितियां अनुकूल हो जाती हैं ।भाजपा में विपक्षी नेता शामिल हो जाते हैं। उसके बाद चुनाव आयोग पहुंच जाता है। चुनाव आयोग को ईड़ी की यह ताकत अच्छी नहीं लगी। चुनाव आयोग ने एसआईआर के बहाने मतदाताओं को अपनी ताकत दिखाना शुरू कर दी है। लाखों मतदाताओं के नाम काटकर भाजपा को जिताने का जिम्मा लगता है चुनाव आयोग ने ले लिया है। न्याय पालिका से भी चुनाव आयोग और भाजपा की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मदद हो जाती है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में ईड़ी ने अपना करतब दिखा दिया है। मुख्यमंत्री के सिक्योरिटी अफसर के घर पर तीन दिन पहले छापा डालकर ममता बनर्जी को अपनी ताकत का एहसास कर दिया है।

### नेपाल के गृहमंत्री का एक माह के अंदर इस्तीफा

नेपाल में जेन-जी आंदोलन से वहां की सरकार गिरी। नए चुनाव हुए, दो तिहाई बहुमत से जेन-जी पार्टी चुनाव जीती। 27 मार्च को गृहमंत्री पद की शपथ सुदन गुरुंग ने ली थी। शपथ लेने के कुछ ही दिनों में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री और कई बड़े नेताओं को जेल के अंदर भेजा। सारी दुनिया में उन्होंने अपनी एक नई पहचान बनाई थी। 1 माह से कम समय में वह स्वयं निवेश और शेयर घोटाले के मामले में घिर गए। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ॠतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, एकादशी, सोमवार, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे, धन योगे, ववकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 7/54 मोहिनी एकादशी व्रत, भरणीयाम रवि, तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, कुशल शासक-प्रशासक, उद्योगपति, उत्तम वृत्ति वाला, धनीमानी होगा।

**मेष राशि**- तनाव, उदर रोग, मित्र लाभ, राजभय, दाम्पत्य जीवन संतोषपूर्ण रहेगा।

**वृष राशि**- शत्रुभय, सुख-मंगल, कार्य विशेष मामले-मुकदमे में प्राय: जीत अवश्य ही होगी।

**मिथुन राशि**- कुसंग हानि, रोगभय, यात्रा, उद्योग-व्यापार की स्थिति लाभ-हानि की रहेगी।

**कर्क राशि**- पराक्रम, कार्यसिद्धी, व्यापार लाभ, खेती व गृहकार्य में व्यवस्था अवश्य ही बनेगी।

**सिंह राशि**- आशानुकूल सफलता का हर्ष, स्थिति में सुधार अवश्य ही होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**कन्या राशि**- धन का व्यर्थ व्यय, कार्यों में हस्तक्षेप करने से दूसरों से तनाव अवश्य बनेगा।

**तुला राशि**- कार्यगति अनुकूल, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, मित्रों से सहयोग अवश्य मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**- सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा-प्रभुत्व वृद्धि एवं कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**धनु राशि**- योजना फलीभूत, कार्य कुशलता से हर्ष होगा, मित्रों से सहयोग अवश्य ही मिलेगा।

**मकर राशि**- अधिकारियों के संपर्क से बचें, तनाव-क्लेश व अशांति, बेचैनी अवश्य ही बनेगी।

**कुंभ राशि**- उद्विघ्नता, असमंजस का वातावरण मन को क्लेशयुक्त रखेगा, ध्यान दें।

**मीन राशि**- बिगड़े हुये कार्य बनें, कार्य योजनायें फलीभूत होंगी, सफलता के साधन अवश्य ही बनेंगे।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.34 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मिथुन | 08.32 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.45 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.01 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.13 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.24 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.39 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.55 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.00 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कुंभ | 01.46 बजे से |
| | | मीन | 03.19 बजे से |
| | | मेष | 04.50 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 117 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 18.16 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 21.19 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 21.36 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 06.08 बजे तदनन्तर विष्टि 18.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 9.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 46'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872692
**जूलियन दिन** 2461157.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 09
**विशेष** मोहिनी एकादशी, त्रिशूर पूरम, सिद्धिलक्ष्मी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री सीताराम ॥ ॥ जय श्री राम ॥



# प्रतिकेश्वर जी महाराज

## रामायण कथा एवं जीवन मार्गदर्शन प्रवचन

**भक्ति में शोर नहीं, सच्चे भाव में ही भगवान का अनुभव होता है...**

जहाँ राम का नाम है, वहाँ जीवन में काम है। जहाँ हनुमान का संग है, वहाँ हर मुकिल आसान है।
रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, यह जीवन जीने की कला है। आइए, प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### रामायण है जीवन का पथप्रदर्शक

रामायण हमें सिखाती है कि जीवन में मर्यादा, त्याग, सेवा, प्रेम और सत्य का कितना महत्व है।

- श्रीराम हमें मर्यादा, धैर्य और कर्तव्य का पालन करना सिखाते हैं।
- माता सीता हमें धैर्य, सहनशक्ति और पवित्रता की प्रेरणा देती हैं।
- लक्ष्मण हमें निःस्वार्थ सेवा और समर्पण का आदर्श देते हैं।
- भरत हमें त्याग, प्रेम और भाईचारे की मिसाल देते हैं।

रामायण का हर प्रसंग हमारे जीवन में नई उर्जा, नई दिशा और नई प्रेरणा प्रदान करता है।

### हनुमान जी – भक्ति, शक्ति और समर्पण के प्रतीक

हनुमान जी केवल बलवान नहीं, वे ज्ञानवान, विनम्र और सच्चे भक्त हैं।

- उन्होंने अपनी शक्ति का उपयोग केवल प्रभु कार्य के लिए किया।
- उनका जीवन हमें सिखाता है –

"समस्या कितनी भी बड़ी हो, सच्ची निष्ठा और प्रभु कृपा से सब संभव है।"

हनुमान जी का स्मरण करने से भय, बाधा और संकट दूर होते हैं। वे भक्तों के लिए संकटमोचन, दुखभंजन और कृपालु संरक्षक हैं।



"मित्र, चित्र, चरित्र – तीनों को इत्र बना दो, जीवन अपने आप सुगंध बन जाएगा।"

### युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत
## प्रतिकेश्वर जी महाराज

आज के युवा को सही दिशा, संस्कार और अध्यात्म से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं प्रतिकेश्वर जी महाराज, जिनकी कथाएं न केवल हृदय को छूती हैं, बल्कि जीवन बदलने की शक्ति रखती हैं।

### श्रीराम – मर्यादा पुरुषोत्तम

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है – मर्यादा में रहकर भी महान बना जा सकता है। उन्होंने हर रिश्ते को निभाया – पुत्र, भाई, मित्र, पति, राजा और प्रजा के हितैषी के रूप में।

"राम नाम की महिमा अपरंपार, भवसागर से पार उतारे सिया राम, सिया राम।।"

### रामायण से मिलने वाली प्रेरणाएं

- कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य न खोएं।
- सत्य और धर्म का साथ कभी न छोड़ें।
- अपने कर्तव्य का पालन ही सच्ची सफलता है।
- परिवार और समाज के प्रति अपने दावित्व निभाएं।
- भगवान पर विश्वास रखें, सब कुछ उनका है, सब कुछ उन्हीं से है।

### कथा क्यों सुनें ?

- जीवन की समस्याओं का समाधान
- मन की शांति और सकारात्मक सोच
- परिवार में प्रेम और सद्भाव
- बच्चों और युवाओं के लिए संस्कार और मार्गदर्शन
- भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति
- रामायण के गूढ़ रहस्य सरल भाषा में



### संकटमोचन हनुमान से सीखें



- लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा
- कठिनाई से न घबराना
- प्रभु कार्य में तन-मन-धन से समर्पण
- विनम्रता और सेवा भाव
- 'मैं' नहीं, 'प्रभु' का भाव

"बजरंगबली की कृपा से असंभव भी संभव है।"

### हमारी कथा की विशेषताएं

- रामायण के गूढ़ रहस्य
- सरल भाषा सरल उदाहरण
- आध्यात्मिकता और व्यावहारिकता का संगम
- युवा वर्ग के लिए विशेष मार्गदर्शन
- भावपूर्ण कथा एवं भजन

### कथा का स्वरूप

- रामायण के प्रमुख प्रसंगों का विस्तृत वर्णन
- जीवन के हर पहलू से जुड़ा आध्यात्मिक संदेश
- प्रेरणादायक प्रसंग, भजन, कीर्तन और गुरु वाणी
- आपके प्रश्नों का समाधान और व्यक्तिगत मार्गदर्शन



### कथा से जीवन में आने वाले परिवर्तन

- मन की शांति और नकारात्मकता से मुक्ति
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच में वृद्धि
- परिवार में प्रेम, सद्भाव और एकता
- कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति
- जीवन में उद्देश्य और दिशा की प्राप्ति
- भगवान से गहरा जुड़ाव और भक्ति में आनंद

### हमारा संदेश

रामायण केवल सुनने की चीज नहीं, जीने की चीज है।
इसे अपने जीवन में उतारें, हर कदम पर प्रभु साथ हैं,
हर श्वास में राम नाम हो।

**आइए, जीवन को नई दिशा दें...**

### संपर्क करें

कथा, प्रवचन, धार्मिक कार्यक्रम व अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें।

8435108214

8435108214

YouTube
Pratikeshwar Ji Maharaj

सोशल मीडिया पर जुड़ें

राम नाम की ज्योति जलाएं, हनुमान कृपा से जीवन संवारें।

**॥ जय श्री राम ॥ ॥ जय हनुमान ॥**

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट एसोसिएशन ने टी-20 मुंबई महिला लीग के लोगो का अनावरण किया

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने रविवार को अपनी पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। पुरुष के बाद महिला लीग मुंबई के क्रिकेट परिदृश्य के विकास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। लोगो आधुनिक महिला क्रिकेट की भावना को दर्शाता है। यह मुंबई की समृद्ध खेल विरासत से जुड़ा रहते हुए टी-20 प्रारूप की गतिशीलता, महत्वाकांक्षा और तीव्र ऊर्जा को प्रतिबिंबित करता है। मुंबई को भारतीय क्रिकेट के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण शहर के रूप में देखा जाता है। इस शहर ने कई बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को जन्म दिया है। महिला टी20 लीग के साथ एमसीए अब इस विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहा है। लीग को मुंबई की अगली पीढ़ी की महिला क्रिकेटरों को पहचानने, उन्हें बेहतर बनाने और आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि मुंबई ने हमेशा क्रिकेट में एक मिसाल कायम की है। टी-20 मुंबई महिला लीग के साथ हम उस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। महिला क्रिकेट के लिए एक मजबूत और टिकाऊ मार्ग का निर्माण कर रहे हैं और खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को आकार दे रहे हैं।

### दीप्ति शर्मा की दमदार वापसी, चौथे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध चौथे टी-20 में अपने प्रदर्शन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैं हमेशा खुद पर भरोसा रखती हूं कि मैं जोरदार वापसी करूंगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में दीप्ति ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए जोरदार वापसी की। 28 वर्षीय दीप्ति ने पहले भारतीय टीम की पारी को संभालते हुए नाबाद 36 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और फिर गेंद से भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19 रन देकर पांच विकेट हासिल किए, जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका पहला पांच विकेट लेने का कारनामा था। उनके इस प्रदर्शन से भारत को दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध पांच मैचों की टी-20 सीरीज में पहली जीत मिली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार दीप्ति ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद कहा कि इसका पूरा श्रेय मेरी टीम के साथियों को जाता है जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। दीप्ति शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रही थीं। पिछले पांच टी-20 मैचों में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था और बल्ले से भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

#### इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 37वां मैच

# गुजरात की चौथी जीत, चेन्नई को आठ विकेट से हराया

**चेन्नई ■ एजेंसी**

गुजरात टाइटंस (जीटी) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 37वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 158 रन बनाए। जवाब में जीटी ने 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन बनाते हुए जीत हासिल की।




इस जीत के गुजरात की टीम अंक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। टीम के आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ आठ अंक हैं। वहीं चेन्नई की टीम अंक तालिका में नंबर छह पर खिसक गई है। टीम के आठ मैचों में तीन जीत और पांच हार के साथ छह अंक है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात को कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पॉवरप्ले में तेजी से रन बटोरे और शुरूआती छह ओवर में टीम के स्कोर को 55 रन पहुंचा दिया। टीम का पहला विकेट सातवें ओवर में गिरा। कप्तान गिल 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पहले विकेट के लिए सुदर्शन के साथ 58 रनों की साझेदारी निभाई। एक विकेट गिरने के बाद सुदर्शन ने जोस बटलर के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। सुदर्शन ने आकर्षक बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। सुदर्शन 46 गेंदों में सात छक्कों और चार चौकों की मदद से 87 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद जोस बटलर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। बटलर ने 30 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 39 रन बनाए। सीएसके की ओर से नूर अहमद और अकील हुसैन ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने सात विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही। पावरप्ले में ही सीएसके ने तीन विकेट गंवा दिए और मात्र 28 रन बनाए थे। नौवें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस भी दो ही रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने शिवम दूबे के साथ पारी को संभाला। गायकवाड़ और दूबे के बीच 59 रन की साझेदारी हुई। बड़ा शॉट खेलने के दौरान दुबे क्लीन बोल्ड हो गए। उन्होंने 17 गेंद में 22 रन बनाए। आखिर में कार्तिक शर्मा 9 गेंदों में 15 रन और जेमी ओवरटन ने 6 गेंदों में 18 रन बनाए। कप्तान गायकवाड़ 60 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर नाबाद लौटे।

गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट और अरशद खान ने दो विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला।

# थॉमस और उबर कप में भारत ने यूक्रेन को हराया



**कोपेनहेगन (डेनमार्क) ■ एजेंसी**

थॉमस और उबर कप में भारतीय बैडमिंटन टीम का अब तक प्रदर्शन अच्छा रहा है। डेनमार्क के हॉर्सेंस में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने यूक्रेन को 4-1 से हराकर उबर कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर मौजूद उन्नति हुडा ने भारतीय टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए यूक्रेन की खिलाड़ी पोलिना बुहरोवा को 21-19, 22-20 से हराया। इसके बाद विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने यूक्रेन की येवहेनिया कान्तेमीर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर बढ़त 2-0 कर दी।

भारतीय टीम ने सिंगलस में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को आराम दिया और उनकी जगह देविका सिहाग को उतारा। उन्होंने तीसरे मैच में यूक्रेन की खिलाड़ी मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया।

भारतीय टीम को एक मात्र झटका महिला युगल में लगा, जहां भारत की कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा और कान्तेमीर की जोड़ी ने 21-11, 21-17 से हरा दिया।

हालांकि, इसके बाद तनीषा क्रास्टो और पीवी सिंधु ने युगल मुकाबले में यूक्रेन की जोड़ी सोफिया लावरोवा और मारिया स्टोलियारेन्को को 21-18, 21-15 से हरा कर भारत को 4-1 से मुकाबला जिता दिया।

# 15 साल के वैभव सूर्यवंशी का धमाकेदार शतक बेकार, सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया



**जयपुर ■ एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 36वें मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के ऐतिहासिक शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने जयपुर के सवाई मानसिंग स्टेडियम में खेले गए हाई स्कोरिंग मुकाबले में 5 विकेट से जीत दर्ज की।

राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 228 रन बनाए। टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 37 गेंदों में 103 रनों की तूफानी पारी खेली और 36 गेंदों में अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 51 रन और डोनोवन फरेरा ने 16 गेंदों में 33 रन बनाए।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से ईशान किशन ने 74 और अभिषेक शर्मा ने 57 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। इसके अलावा नीतीश कुमार रेड्डी ने 36 और हेनरिक क्लासन ने 29 रन का अहम योगदान दिया।

राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर और ब्रजेश शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने 2 विकेट चटकाए।

इस जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि राजस्थान रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट के अभाव में चौथे स्थान पर खिसक गई। दोनों टीमों के अब 10-10 अंक हैं, लेकिन हैदराबाद आगे है।

### ईशान किशन ने पैट कमिंस की वापसी पर जताई खुशी, बताया शानदार कप्तान

सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस की वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि वह एक शानदार कप्तान हैं और उनके आने से टीम की गेंदबाजी को अतिरिक्त मजबूती मिली है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से मात दी। शनिवार रात खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने छह विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद ने 18.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 229 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### स्टॉक मार्केट में 1 मई को छुट्टी, एमसीएक्स में शाम के सत्र में होगा कारोबार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार यानी एक मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर छुट्टी रहेगी। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में शुक्रवार को कारोबार नहीं होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने की वजह से पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं होगा। हालांकि, एमसीएक्स में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के कारण एक मई को बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। इसी तरह एनएसई में भी महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के कारण एक मई को इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी। इनमें इस दिन कोई कारोबार नहीं होगा। स्टॉक मार्केट के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार इसके अलावा 28 मई को बकरीद की वजह से स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इस हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक जून के महीने में सिर्फ एक दिन 26 जून को मोहर्रम के कारण स्टॉक मार्केट में कारोबार नहीं होगा।

# टॉप 10 में शामिल 7 कंपनियों का मार्केट कैप 2.05 लाख करोड़ गिरा, टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सात कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि तीन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ, जबकि देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान उठाने के मामले में दूसरे स्थान पर रही।



दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची तीन कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उछाल आ गया। मार्केट कैप में बढ़ोतरी हासिल करने वाली यानी फायदा उठाने वाली तीनों कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे आगे पहले स्थान पर रही।

इस सप्ताह के कारोबार के बाद टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 2,05,343.06 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 48,429.31 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 66,699.44 करोड़ रुपये की कमी के साथ 8,67,364.12 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 50,670.34 करोड़ रुपये कम होकर 17,96,647.50 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 23,090.05 करोड़ रुपये फिसल कर 12,08,225.48 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 19,670.75 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,13,020.56 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 19,406.59 करोड़ रुपये लुढ़क कर 11,05,718.62 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,663.27 करोड़ रुपये कम होकर 9,50,345.40 करोड़ रुपये के स्तर पर और लार्सन एंड टूब्रो का मार्केट कैप 11,142.62 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,52,171.88 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 20,352.91 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,47,219.80 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 19,522.76 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 10,16,752.53 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 8,253.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,73,690.81 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,96,647.50 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही।

इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,08,225.48 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,05,718.62 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 10,16,752.53 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,50,345.40 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 8,67,364.12 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,73,690.81 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,52,171.88 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,47,219.80 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,13,020.56 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में सीमित दायरे में कारोबार, 78 हजार डॉलर के पार पहुंचा बिटकॉइन



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रविवार को सीमित दायरे में कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से चार गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि छह क्रिप्टो करेंसीज दबाव के बावजूद मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। बाजार में दबाव की स्थिति होने के बाद भी दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 0.68 प्रतिशत की मामूली तेजी 78 हजार डॉलर के स्तर से ऊपर चली गई है। इसी तरह दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्ट करेंसी एथेरियम भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 0.61 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 2,300 हजार डॉलर के स्तर को पार करने में सफल रही है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम पांच बजे तक बिटकॉइन 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,097.44 डॉलर यानी लगभग 73.61 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 2,332.80 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, सोलाना 0.18 प्रतिशत, ट्रॉन 0.13 प्रतिशत और डॉगकॉइन 0.03 प्रतिशत की मामली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.34 प्रतिशत, बीएनबी 0.85 प्रतिशत और हाइपरलिक्विड 0.03 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में तेजी आई है। इन 24 घंटों में क्रिप्टो के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.29 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.6 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 245.05 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# अगले सप्ताह सिर्फ एक नए आईपीओ की लॉन्चिंग, दो कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग

**मुंबई ■ एजेंसी**

सोमवार यानी 27 अप्रैल से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट काफी हद तक शांत रहने वाला है। पिछले सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी सिर्फ एक कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर रही है। ये आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है। इस नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ भी एसएमई सेगमेंट का ही है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह दो कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इनमें से एक इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट लिस्टिंग रहने वाली है।




इस सप्ताह खुलने वाला एकमात्र आईपीओ अंबा ऑटो सेल्स एंड सर्विसेज का है। कंपनी का 65.12 करोड़ रुपये का आईपीओ सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी 27 अप्रैल को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 29 अप्रैल तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये से लेकर 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 30 अप्रैल को अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 5 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इन नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह 23 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले आदीसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज के 74.10 करोड़ रुपये के आईपीओ में सोमवार यानी 27 अप्रैल तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 163 रुपये से लेकर 172 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।

# सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी में मामूली बढ़ोतरी

### एक सप्ताह में 1,740 रुपये तक सस्ता हो गया सोना, चांदी 15 हजार रुपये तक लुढ़की

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में सांकेतिक कमजोरी का रुख है। हालांकि देश के दूसरे सर्राफा बाजारों के विपरीत चेन्नई में आज सोने के भाव में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सर्राफा बाजारों में आज चांदी के भाव में भी मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आज हुए उतार-चढ़ाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आए मामूली उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,190 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल के गाजा हमले में चार की मौत, लेबनान में पर्चे गिराकर दी चेतावनी

**गाजा पट्टी/बेरूत।** गाजा और लेबनान के लोग इजराइल के हमलों से जूझ रहे हैं। आज सुबह गाजा पर हुए इजराइली हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। साथ ही इजराइल ने लेबनान में पर्चे गिराकर लोगों को चेतावनी दी है। लेबनान के साथ सैन्य विराम के बीच इजराइल लगातार हिजबुल्लाह के ठिकानों और आतंकवादियों को निशाना बना रहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि एक हवाई हमले में अल-मुगराका के मध्य गांव के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इजराइली गोलीबारी और गोलाबारी में गाजा शहर के पास दो अन्य लोग मारे गए। इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में 40 साल की एक महिला को गोली मार दी। बाद में इस महिला की मौत हो गई। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में कम से कम 72,587 लोग मारे जा चुके हैं। अक्टूबर 2025 में संघर्ष विराम होने के बाद भी हमले थमे नहीं हैं। उधर, इजराइल ने लेबनान के टायर जिले के गांवों में पर्चे गिराए हैं।

### जांच बढ़ाने के बाद नेपाली परेशान, बढ़े चीजों के दाम

**काठमांडू।** नेपाल में बालेन शाह सरकार के आदेश के बाद कस्टम जांच बढ़ाए जाने के बाद भारतीय सीमा से लगे एंट्री पाइंट असामान्य रूप से शांत हो गए हैं। इसके चलते रोजमर्रा की जरूरत का सामान खरीदने के लिए सीमा पार करने वाले नेपाली खरीदारों की संख्या में कमी आई है। बालेन सरकार की इस सख्ती का असर सीमा पर स्थित भारतीय बाजारों के साथ ही नेपाली जनता पर भी पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल ने 100 रुपए से ज्यादा का सामान खरीदे जाने पर सीमा शुल्क वसूली को अनिवार्य कर दिया है। नेपाल में इस शुल्क को भंसार कहा जाता है। नेपाली कस्टम अधिकारी अब सीमा से आने वाले हर सामान की कड़ी जांच कर रहे हैं। भैरहवा और आसपास के इलाके के लोगों का कहना है कि सीमा पर जांच कड़ी किए जाने के बाद से घर की जरूरी चीजों के दाम बढ़ गए हैं। वहीं, नेपाली खरीदारों से गुलजार रहने वाले सोनौली बाजार हाल के दिनों में धीमा पड़ गया है। नेपाली अधिकारियों का कहना है कि जांच का मकसद भारतीय सामानों पर रोक लगाना नहीं, बल्कि उस चलन को कमजोर करना है, जिसमें लोग घरेलू इस्तेमाल का बहाना बनाकर बिना ड्यूटी चुकाए बड़ी मात्रा में सामान लाते हैं। भैरहवा कस्टम आफिस के प्रमुख के हवाले से बताया कि कस्टम पाइंट के पार दिन में कई बार सामान ले जाकर की जाने वाली तस्करी में कमी आई है। आस-पास के भारतीय बाजारों से छोटे पैमाने पर की जाने वाली निजी खरीदारी पर कोई रोक नहीं है।

### मैं उसे तुरंत खत्म करना चाहता हूं, चाहे वह देश से जुड़ा मामला हो या मेरी जिंदगी से

**यरूशलम।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सालाना मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। हमेशा युद्ध और कूटनीति के केंद्र में रहने वाले नेतन्याहू ने खुलासा किया कि पिछले कुछ समय से वे एक गुप्त स्वास्थ्य चुनौती से जूझ रहे थे, लेकिन अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। 76 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और काम के प्रति जज्बे ने विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक कुछ समय पहले उनके प्रोस्टेट में एक छोटा सा स्पाट था। डाक्टरों ने जांच के बाद पुष्टि की कि यह शुरुआती स्टेज का एक कैंसरयुक्त ट्यूमर था। डाक्टरों का कहना था कि नेतन्याहू की उम्र में इस तरह के स्पाट मिलना एक आम बात है। उनके पास दो रास्ते थे। इसे समय-समय पर मानिटर किया जाए और कुछ न किया जाए यानी तुरंत इलाज करके उसे जड़ से खत्म कर दिया जाए।

### अमेरिका के निशाने पर आए ईरान के शक्तिशाली जनरल अहमद वाहिदी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में हफ्तों से जारी संघर्ष के बीच जहाँ एक ओर शांति बहाली के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर अमेरिका की एक गुप्त और आक्रामक सैन्य रणनीति ने दुनिया को चौंका दिया है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने एक विशेष हिट लिस्ट तैयार की है। जिसमें सबसे ऊपर ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के कमांडर- इन-चीफ जनरल अहमद वाहिदी का नाम शामिल है। अमेरिकी रक्षा विभाग का मानना है कि वाहिदी वह प्रमुख व्यक्ति हैं जो अपनी कट्टरपंथी विचारधारा के कारण शांति वार्ता की राह में सबसे बड़ा अवरोध बने हुए हैं। वाशिंगटन की ओर से यह स्पष्ट संकेत दिया गया है कि यदि वर्तमान दौर की पीस टाक विफल रहती है, तो अमेरिका अपने प्लान-बी के तहत सीधे सैन्य कार्रवाई कर सकता है। जनरल अहमद वाहिदी को 1 मार्च, 2026 को आईआरजीसी की कमान सौंपी गई थी।

### 120000 टन का महाविनाशकः परमाणु ऊर्जा से लैस होगा चीन का चौथा एयरक्राफ्ट कैरियर



**बीजिंग।** चीन अपनी नौसैनिक शक्ति को अभूतपूर्व गति से बढ़ाने में जुटा है। हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के 77वें स्थापना दिवस पर जारी एक प्रोमोशनल वीडियो ने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों के बीच हलचल मचा दी है। टाइप 004 कहा जाने वाला यह सुपरकैरियर डालियान शिपयार्ड में निर्माणाधीन है। लगभग 1,10,000 से 1,20,000 टन वजन वाले इस जहाज पर 100 से अधिक लड़ाकू विमान तैनात किए जा सकेंगे। इस वीडियो में चीन ने अपने चौथे एयरक्राफ्ट कैरियर के संबंध में कुछ ऐसे संकेत दिए हैं, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह चीन का पहला न्यूक्लियर पावर्ड (परमाणु ऊर्जा से चलने वाला) युद्धपोत होगा।

# अमेरिकी गणतंत्र पर हमला नया नहीं, देशवासी लें मतभेदों को शांतिपूर्वक सुलझाने का संकल्प: ट्रंप

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी गणतंत्र पर हमला नया नहीं है। इससे पहले भी राष्ट्र को लहूलुहान किया गया है। उन्होंने देशवासियों से आपसी मतभेदों को शांतिपूर्वक सुलझाने का आह्वान भी किया। वाशिंगटन डीसी में शनिवार शाम अभेद्य किलेबंदी के बीच चल रहे व्हाइट हाउस कारेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान पर कार्यक्रम स्थल के बाहर हुई गोलीबारी में पूरी तरह सुरक्षित ट्रंप ने इस घटना पर चिंता जताते हुए संघीय एजेंट्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तारीफ की।

रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना करीब 30 मिनट बाद व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि



वार्षिक डिनर का आयोजन वाशिंगटन हिल्टन होटल के बालरूम में किया गया था। इस दौरान कई तरह के हथियारों से लैस एक व्यक्ति सुरक्षा घेरे की तरफ बढ़ा। एजेंट्स और अन्य सुरक्षा कर्मचारियों ने संदिग्ध को आगे बढ़ने से रोका और उसे हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने एक एजेंट को बहुत करीब से गोली मारी। इस अधिकारी के बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने कारण अनहोनी टल गई। अधिकारी पूरी तरह ठीक है।

व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम में ट्रंप के संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कई पत्रकार तो सीधे हिल्टन होटल से पहुंचे। ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन से पहले संदिग्ध की तस्वीरें और वीडियो ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए। ट्रंप ने इस घटना को कार्यक्रम के मूल उद्देश्य पर सीधा हमला भी बताया। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समर्पित था। इसका मकसद दोनों पार्टियों के सदस्यों और प्रेस के सदस्यों को एक साथ लाना था। ट्रंप ने कहा कि इस घटना से साफ है कि सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन हिल्टन होटल सुरक्षित इमारत नहीं है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया

# पहले चरण की बंपर वोटिंग से ममता सरकार का सुपड़ा साफ

**नदिया ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच जिले के राणाघाट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि पहले चरण में हुई बंपर वोटिंग से राज्य में बदलाव का संकेत मिल गया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही ममता बनर्जी सरकार का सुपड़ा साफ होता दिखाई दे रहा है और 151 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारी बहुमत से जीत की ओर बढ़ रही है।

अमित शाह ने कहा कि दूसरे चरण का मतदान बाकी काम पूरा कर देगा और राज्य में भाजपा की सरकार बनने का रास्ता साफ हो जाएगा।

सभा में मौजूद मां-बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं के खातों में हर महीने तीन हजार रुपये भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को भी तीन हजार रुपये की सहायता उनके खातों में दी जाएगी।

अमित शाह ने कहा कि सरकारी बसों में मां-बहनों को कोई टिकट नहीं लेना होगा और वे मुफ्त में सफर कर सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्नातक करने वाली बच्चियों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही जो बेरोजगार युवा फैक्ट्री लगाना चाहते हैं, उन्हें 15 लाख रुपये का लोन देने की व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल में घुसपैठियों को रखा है और राज्य को घुसपैठिया मुक्त बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यही घुसपैठिए लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं और लोगों को गरीब बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी उन्हें लेकर नाराज रहती हैं और पूछती हैं कि इतने सारे घुसपैठियों के नाम क्यों निकल रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि अभी तो सिर्फ नाम निकला है, पांच तारीख को सरकार बना दीजिए, भाजपा एक-एक को चुन-चुनकर बाहर करने का काम करेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने षड्यंत्र कर मतुआ समाज के कुछ लोगों के नाम मतदाता सूची से कटवा दिए हैं। शाह ने कहा कि पांच तारीख को भाजपा की सरकार बनने पर सभी पात्र लोगों का नाम फिर से जोड़ने का काम किया जाएगा।



#### ममता ने किसानों के साथ किया अन्याय : अमित शाह

तेहट्ट (नादिया)। पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए उन पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। नदिया जिले के तेहट्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के मतदाताओं ने पहले चरण के मतदान में दीदी का सफाया कर दिया है। पहले चरण की 150 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 110 सीटें जीतने जा रही है। बाकी काम दूसरे चरण में पूरा किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी ने इस क्षेत्र के लहसुन किसानों को धोखा दिया है। देश के बाकी हिस्सों में लहसुन 200 टका प्रति किलो बिकता है। लेकिन बांग्लादेश से आने वाले नकली चीनी लहसुन के कारण, लहसुन किसानों को केवल 12 टका प्रति किलोग्राम मिलता है। भाजपा सरकार के दौरान चीनी लहसुन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और किसानों को उनके उत्पादित लहसुन का मूल्य 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगा। अमित शाह ने कहा, मैं माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि यहां कमल की सरकार बनाएं। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि मई महीने से प्रत्येक दीदी के बैंक खाते में तीन हजार रुपये जमा किये जायेंगे।

#### हावड़ा में सांसद रवि किशन के चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल व भाजपा में झड़प

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच उत्तर हावड़ा से भाजपा उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में रविवार दोपहर अभिनेता व सांसद रवि किशन के प्रचार के दौरान तृणमूल कानर्यकर्ताओं ने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। इससे भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी के बाद स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों में झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। सूत्रों के अनुसार, दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रचार के अंतिम रविवार को उत्तर हावड़ा में भाजपा की ओर से एक रोड शो आयोजित किया गया था। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में अभिनेता और भाजपा सांसद रवि किशन भी मौजूद थे।

# हिमाचल में गर्मी के प्रकोप से पहाड़ भी तपे, 28 अप्रैल से आंधी-बारिश का अलर्ट



**शिमला ■ एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज कड़ा बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ा है और मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। रविवार को प्रदेश के किसी भी मौसम केंद्र में बारिश या बर्फबारी दर्ज नहीं की गई, हालांकि कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश जरूर हुई।

मौसम केंद्र शिमला के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान सेओबाग में 2.2 मिलीमीटर, जोत में 2 मिलीमीटर और कल्पा में 1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके बावजूद प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी का असर बना रहा। खासतौर पर मैदानी क्षेत्रों में लू जैसी स्थिति बनी हुई है।

तापमान की बात करें, तो ऊना सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 5 डिग्री अधिक है। सुंदरनगर में 36.8 डिग्री, कांगड़ा में 36.6 डिग्री, मंडी में 36 डिग्री, नाहन में 35 डिग्री और भुंतर में 34.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। धर्मशाला में 34.1 डिग्री और सोलन में 33.2 डिग्री तापमान रहा। राजधानी शिमला में भी तापमान 27.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 3.8 डिग्री ज्यादा है।

गर्मी का असर अब रात के समय भी महसूस किया जा रहा है। शिमला और ऊना में रात का तापमान लगभग बराबर दर्ज किया गया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक है, जबकि ऊना में यह 19 डिग्री दर्ज किया गया। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों के तापमान में यह समानता लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री अधिक चल रहा है। वहीं, सबसे कम तापमान कुकुमसेरी में 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मौसम बदलने के संकेत दिए हैं। 27 अप्रैल को ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 28 से 30 अप्रैल के बीच राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। 28 अप्रैल के लिए मध्य और निचले पहाड़ी क्षेत्रों में तेज हवाएं, बिजली कड़कने और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# पाकिस्तान भारत से दोस्ती कर व्यापार करें बहाल, होर्मुज का टेंशन होगा खत्मः तौकीर

**इस्लामाबाद ■ एजेंसी**

होर्मुज स्ट्रेट संकट ने दक्षिण एशियाई देशों पर गंभीर असर डाला है और भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत कई देश प्रभावित हुए हैं। ऐसे में पाकिस्तान के एक्सपर्ट ने चीन-भारत संघर्ष के बावजूद कारोबार जारी रखने का हवाला देकर पाकिस्तान सरकार से अपील की है कि वह अपने पड़ोसी देश से व्यापार बहाल करे। बता दें अली तौकीर शेख जो एक क्लाइमेट चेंज और डेवलपमेंट एक्सपर्ट हैं उन्होंने शहबाज सरकार को सलाह दी है कि होर्मुज संकट से साबित हो गया है कि भारत से दोस्ती करने में ही भलाई है। उन्होंने लिखा-पाकिस्तान पहले से ही भारत से व्यापार नहीं करने की कीमत चुका रहा है और होर्मुज संकट ने स्थिति को खराब कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तौकीर शेख ने लिखा-पाकिस्तान के तेल आयात का 81 फीसदी हिस्सा होर्मुज से होकर गुजरता है। भारत अपने 40 फीसदी तेल और 80 फीसदी गैस के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। ऐसे में दो पाइपलाइन प्रोजेक्ट हैं जिनपर अगर भारत और पाकिस्तान एक साथ आ जाए तो दोनों देश अपनी ऊर्जा समस्या का समधान कर सकते हैं।



पहला-ईरान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइपलाइन और दूसरा-तापी परियोजना। तौकीर ने शहबाज शरीफ की सरकार को ईरान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइपलाइन पर बड़ी सलाह दी है। उन्होंने दलील दी है कि ईरान-पाकिस्तान पाइपलाइन का ईरान वाला हिस्सा पहले ही बन चुका है। पाकिस्तान को अपने 780 किलोमीटर लंबे हिस्से में से सिर्फ 80 किलोमीटर का काम पूरा करना है लेकिन अमेरिका की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रहा है और ईरान ने उसपर 18 अरब डालर का जुर्माना ठोक दिया है। अगर अमेरिका के प्रतिबंध हट जाते हैं तो इस पाइपलाइन को पूरा करने से पाकिस्तान के उद्योगों को ऊर्जा मिलेगी, बिजली की लागत कम होगी और आर्थिक गतिविधियां पैदा होंगी। ईरान का साउथ पार्स गैस क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और यह फारस की खाड़ी, कैस्पियन सागर और मध्य एशिया के मिलन बिंदु पर स्थित है। अगर ईरान-पाकिस्तान-भारत पाइपलाइन पूरी हो जाती है तो यह मध्य-पूर्व के सबसे बड़े गैस भंडारों को दक्षिण एशिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों से जोड़ देगी। इससे पाकिस्तान को ट्रांजिट शुल्क के रूप में कमाई होगी। भारत की खाड़ी देशों पर निर्भरता कम होगी और ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था में फिर से शामिल होने का मौका मिलेगा। तापी परियोजना एक महत्वाकांक्षी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना है।

इसका मकसद तुर्कमेनिस्तान के विशाल गैस भंडारों को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रास्ते भारत तक पहुंचाना है।

# रूसी एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को खरीदने में इच्छुक वियतनाम

**हनोई ■ एजेंसी**

वियतनाम के रक्षा मंत्रालय ने 2030 के दशक की शुरुआत में रूसी एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को खरीदने में गहरी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक संभावना है कि इन विमानों का उपयोग उसकी अग्रिम पंक्ति में तैनात 12 एसयू-27 और 30 एसयू-22 चौथी पीढ़ी लड़ाकू विमानों को बदलने में किया जाएगा। सबसे पहले 2017 के मध्य में वियतनामी मीडिया में खबरें सामने आई थीं कि मंत्रालय 2030 के आसपास से 12-24 एसयू-57 विमानों को खरीदने की योजना बना रहा है। इसके बाद जनवरी 2019 की शुरुआत में भी इस बारे में खबरें सामने आईं।

वियतनाम के पास आज लड़ाकू विमानों का जो बेड़ा है वह पूरी तरह से रूसी विमानों से बना है। इसी तरह उसकी थल सेना, नौसेना और वायु रक्षा नेटवर्क भी आपूर्तिकर्ता के रूप में रूस पर ही अत्यधिक निर्भर हैं।



एसयू-57 को वियतनाम के अपने हवाई बेड़े को आधुनिक बनाने के लिए अब तक का सबसे संभावित विकल्प माना जाता है। इस विमान की खास तौर पर लंबी रेंज देश के ठिकानों से दक्षिण चीन सागर के विवादित जलक्षेत्रों में गश्त करने में सक्षम बनाती है।

एसयू-57 की लंबी रेंज और शक्तिशाली सेंसर चौथी और पांचवीं पीढ़ी के खतरों के खिलाफ बड़े क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सबसे उपयुक्त हैं। साथ ही यह वियतनाम की जमीन-आधारित एयर डिफेंस सिस्टम, दूसरे जहाजों और अन्य विमानों के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठा सकता है और डेटा लिंक के जरिए जानकारी साझा कर सकता है।

अप्रैल के मध्य में रूसी रक्षा निर्यात समूह रोसोबोरोनएक्सपोर्ट ने इसकी की पुष्टि की है कि कई देशों ने पहले ही इस विमान के लिए अपने आर्डर दे दिए हैं। ईरान, भारत और उत्तर कोरिया के साथ-साथ वियतनाम को भी विमान के सबसे संभावित ग्राहकों में से एक माना जा रहा है। एसयू-57 लड़ाकू विमान के साथ सबसे खास बात ये है कि इसकी कीमत काफी कम है और इसका मेटिनेंस खर्च भी काफी है। इसीलिए वियतनाम के लिए ये एक बेहतरीन सौदा माना जा रहा है। दिल्ली में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने भारत को एसयू 57 लड़ाकू विमान सौदे पर नया प्रस्ताव दिया है।

उन्होंने कहा एसयू-57 एक ऐसा विषय है जिस पर हम चर्चा करते हैं। भारत ने न सार्वजनिक किया है और न ही एसयू-57 विमान को लेकर कोई फैसला लिया है।

### *बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती : अब उन्नत तकनीक से होंगी जांच*

# छग में एनटीपीसी सीपत के 7.19 करोड़ के सीएसआर कार्यों का हुआ लोकार्पण

***बिलासपुर/रायपुर ■ एजेंसी***

*केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने रविवार को बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) सीपत ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लगभग 7.19 करोड़ रुपये की लागत से विकसित चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया।*

*इस पहल के तहत शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान को उन्नत उपकरणों और सुदृढ़ आधारभूत संरचना की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। इसके तहत शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एनटीपीसी सीपत की लगभग 4.27 करोड़ रुपये की सहायता से स्थापित अत्यधुनिक रक्त केंद्र, माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला, हार्मोन लैब तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित माइक्रोस्कोपी सुविधा का उद्घाटन किया गया। यह रक्त केंद्र छत्तीसगढ़ का अपनी तरह का पहला अत्यधुनिक ब्लड बैंक है, जिसमें उन्नत तकनीक से युक्त विश्वस्तरीय मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे जांच और उपचार सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा।*



*इसी क्रम में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर में लगभग 2.92 करोड़ की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व राशि से खरीद की गई मशीनों का भी लोकार्पण किया गया। एनटीपीसी सीपत और सिम्स के मध्य उपकरणों के हस्तांतरण से संबंधित औपचारिक दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी किया गया। इस सहायता से सिम्स के लगभग आठ विभागों के लिए कुल 26 आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनमें हाई-एंड कलर डॉप्लर, ऑटोमैटिक केमिल्यूमिनेसेंस प्रणाली, हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी), सी-आर्म मशीन, ऑपरेशन थिएटर टेबल, डेंटल चेयर, मॉर्चुरी फ्रीजर, एमओ2 फ्रैक्शनल लेजर सिस्टम तथा एसीटी मशीन शामिल हैं। मुख्य अतिथि तोखन साहू ने एनटीपीसी सीपत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में इस प्रकार का सहयोग छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक ब्लड बैंक, उन्नत प्रयोगशालाएं और आधुनिक उपकरण मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे।*

**यह दवा अमूल्य है**

**खूनी बवासीर के मरीजों के लिए आवश्यक सूचना**

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित हैं
2. डाक्टरों और वैद्य-हकीमों का इलाज करा-करा कर थक गए हैं
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो गया है

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आएं और निःशुल्क दवा प्राप्त करें।

**दैनिक अमृत दर्शन**
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003
मो. 9827054436

## एल बी एस: 12वीं ( अंग्रेजी माध्यम ) एवं एल बी एस : 12वीं ( अंग्रेजी माध्यम ) परिणाम शत प्रतिशत




भोपाल ■ अमृत दर्शन

संस्था लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल की कक्षा 12 वीं ( अंग्रेजी माध्यम )का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं 12वीं ( हिंदी माध्यम) का परिणाम 86% रहा.. कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 84% कक्षा 8 वीं का परीक्षा परिणाम 97% रहा एवं कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम 96% रहा

कु मनीषा कुशवाहा 89%, कु सना बी 88%, कु अंजलि 83%, कु शिवानी 78%, कु जानकी 78%, कु सौम्या 77%, अभितेन्द्र 74%, कु प्रज्ञा 73% कु अर्चना 88% कु वैष्णवी 88%, कु दिव्या 86%,

सभी बोर्ड कक्षाओं मे अधिकतर विद्यार्थी ने 70% से अधिक अंक अर्जित किये हैँ इस अवसर पर सभी होनहार विधार्थियो को एवं उनके परिवार को संस्था संचालक हिमांशु श्रीवास्तव, ने शुभकामनायें दी.. परिणाम दिवस पर पदम पटेल, भारती व्यास, पंकज गढ़वाल एवं सभी शिक्षक उपस्थित हुए...

### दामखेड़ा नागराज मंदिर में 7 वर्ष पूर्ण

## ग्राम गढ़ी में भक्ति और उल्लास का संगम, श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर लिया प्रसादी का लाभ



खरगोन ■ अमृत दर्शन

खरगोन नगर से लगभग खंडवा रोड पर 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गढ़ी के दामखेड़ा नागराज मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के सात वर्ष पूर्ण होने पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया और आकर्षक सजावट के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति की भावना देखने को मिली। आरती के पश्चात प्रसादी का भोग लगाया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार, स्थापना के बाद से ही यहां नियमित रूप से भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विभिन्न धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं, जिससे गांव में आध्यात्मिक माहौल बना रहता है। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए श्रद्धालुओं ने केक काटकर उत्सव मनाया। भक्तों ने दामखेड़ा नागराज मंदिर में दर्शन कर पुन: लाभ प्राप्त किया और इस पावन अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## जब जमीन पर बैठकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

सीएल गौर ■ रायसेन



*सरल स्वभाव और उत्कृष्ट कार्य शैली एवं व्यक्तित्व के धनी रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा सहज रूप से शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र के लोग सभी से समान रूप से मिलते हैं एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समस्या का निराकरण भी कर रहे हैं,उनकी कार्यशैली से सभी नागरिक खुश नजर आ रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर होने के बावजूद जमीन पर बैठे ग्रामीण जनों से जब मिलने पहुंचे तो उन्होंने भी इसी अंदाज में जमीन पर नीचे बैठकर ग्रामीण जनों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की सहजता और सरल स्वभाव को देखते हुए नागरिक भी उनकी कार्य शैली से प्रभावित हो रहे हैं।चाहे जनसुनवाई का मामला हो और चाहे अपनी कुर्सी पर बैठकर काम करने का तरीका हो सभी जगह वह आम नागरिकों से खुलकर भेंट करते हैं और उनकी समस्या को भी सुनते हैं उसके बाद समस्याओं का उचित निराकरण भी समय पर करते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जब कलेक्टर श्री विश्वकर्मा की निगाह ग्रामीण जनों पर पड़ी तो वह गाड़ी रोक कर सीधे ग्रामीणों के बीच मिलने पहुंच गए और जमीन पर नीचे बैठकर ध्यान से उनकी समस्या को सुना इस दौरान कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण जन खुश नजर आ रहे थे, पीछे बैठे ग्रामीण जन आपस में चर्चा करते देखे गए की कलेक्टर हो तो अरुण विश्वकर्मा जैसा उन्होंने हमारी सुध लेते हुए हमारे पास आकर समस्या को सुना। इस प्रकार से कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा अपने सरल स्वभाव और उत्कृष्ट कार्य शैली के लिए आम नागरिकों में भी चर्चा का विषय बने हुए हैं, इतना ही नहीं मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री और विधायक से लेकर अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्री विश्वकर्मा की कार्यशैली से प्रसन्न है उनकी सराहना किए बगैर नहीं रहते।*

### वार्ड क्रमांक 18 में हुआ विकास कार्यों का भूमि पूजन

## 32 लाख से अधिक की राशि से बनेगी सीसी रोड, होंगे अन्य विकास कार्य

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नगरपालिका द्वारा सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप नगर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। आज वार्ड क्रमांक-18, शिव कॉलोनी में 32 लाख से अधिक की राशि से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन अतिथिगणों द्वारा किया गया। साथ ही राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा अपनी निधि से नगरपालिका को दो पानी के टैंकर प्रदान किए गए। जिन्हें हरी झंडी दिखाकर अतिथिगणों द्वारा रवाना किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।



सांसद, राज्यसभा सांसद ने खुले हाथों से दी सौगात

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सांसद दर्शनसिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, वार्ड पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, सागर शिवहरे, गोकुल पटेल, रुपेश राजपूत, राजेश तिवारी, उमेश पटेल, शैलेन्द्र, राजेन्द्र गौर, राहुल सोलंकी, लक्ष्मण बैस, रोहित गौर, आनंद दुबे, अतुल भंडारी, पंकज पांडे, दुर्गेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता-वार्डवासी उपस्थित रहे।

नपा में उपयंत्री और कार्यप्रभारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि वार्ड 18 में 32 लाख से अधिक की राशि के आज भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका निकाय निधि द्वारा लगभग 20 लाख 50 हजार, राज्यसभा सांसद निधि 5 लाख एवं सांसद निधि से 1 लाख 50 रुपए एवं अन्य निधि से विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

### स्वगणना अभियान को गति देने गैरतगंज तहसील में विशेष शिविर आयोजित: अधिकारियों ने किया सघन दौरा

**रायसेन।** भारत की जनगणना 2027 के तहत चल रहे ऑनलाइन स्वयं-गणना अभियान को गति देने के उद्देश्य से गैरतगंज तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ी में रविवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जनगणना फॉर्म भरने की प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से शुरू कराई गई। जिला पंचायत सीईओ श्री कमल सिंह सोलंकी ने गैरतगंज विकासखण्ड के ग्राम गढ़ी, भानपुरगंज, समनापुरकलां एवं नगर गैरतगंज का सघन भ्रमण कर स्वगणना कार्य की समीक्षा की। उन्होंने प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया और अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना कराने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) श्री अंकित कुमार जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत परिसर में कैंप लगाया गया। साथ ही प्रगणकों एवं कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरवाए। ग्राम गढ़ी में 9 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक ( ।।रब्ड्ढ) बनाए गए हैं, जहां टीमें लगातार लोगों को जागरूक कर डेटा दर्ज कर रही हैं।



## लू का कहर: सीहोर में 44°C तापमान, बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित

बुदनी ■ अमृत दर्शन

सीहोर जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर साफ नजर आने लगा। हालात ऐसे हैं कि सुबह 9 बजे के बाद बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, जबकि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है।

तेज गर्मी और लू के चलते लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। अब अधिकतर लोग जरूरी काम सुबह और शाम के समय ही निपटा रहे हैं, जबकि दोपहर में घरों में रहना ही सुरक्षित समझ रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण उल्टी-दस्त, चक्कर और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। डॉक्टरों ने लोगों को अधिक पानी और तरल पदार्थ लेने, खाली पेट बाहर न निकलने और धूप में निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखने की सलाह दी है। गर्मी से राहत पाने के लिए शहर में ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। लस्सी, गन्ने का रस, नींबू पानी और शिकंजी की बिक्री में भी तेजी देखी जा रही है।

वहीं, आसपास के जिलों भोपाल, रायसेन, विदिशा और नर्मदापुरम में कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया जा चुका है, लेकिन सीहोर जिले में अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसे लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है और वे जिला प्रशासन से बच्चों के हित में जल्द फैसला लेने की मांग कर रहे हैं।

## जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत संपन्न



खण्डवा ■ निसं

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार रविवार को जिला जेल खंडवा में विशेष 'जेल लोक अदालत' आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है, बल्कि विशेष जेल लोक अदालत के माध्यम से यह उन लोगों तक भी पहुंचता है जो सुधार की राह पर अग्रसर हैं। यह आयोजन न केवल न्यायिक प्रक्रिया का विस्तार है, बल्कि समाज में पुनर्वास और सकारात्मक परिवर्तन का एक सशक्त प्रयास भी है। इस विशेष जेल लोक अदालत के अंतर्गत समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, लघु अपराधों से संबंधित प्रकरण, प्ली बारगेनिंग के प्रकरण एवं अन्य उपयुक्त मामलों को चिन्हित किया गया। कुल 5 प्रकरणों को विचारार्थ विशेष जेल लोक अदालत में प्रस्तुत किया गया, जिनमें से 1 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह पहल न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि बंदियों को शीघ्र न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुई।

**निरीक्षण और संवाद से बढ़ा विश्वास:** लोक अदालत के आयोजन के साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने जिला जेल खंडवा का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने बंदियों से उनके प्रकरणों की स्थिति, अधिवक्ता की उपलब्धता, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और न्याय प्राप्ति के लिए उचित मार्ग अपना सकें। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह, खंडवा के कर्मचारीगण के साथ-साथ पैरालीगल वालेन्टियर राहुल राठवे उपस्थित रहे।

### कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त घाट पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

## मां नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए श्रद्धालुओं को किया जागरूक

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



आस्था और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे संगम के रूप में रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट एक विशेष अभियान का साक्षी बना। अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति और पुरुष इकाई ने भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच मां नर्मदा की स्वच्छता के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का परिचय दिया। समाज के सदस्यों ने न केवल घाट की सीढ़ियों को साफ किया, बल्कि नर्मदा की लहरों के बीच जाकर वहां फंसी फूल-मालाएं और अन्य अपशिष्ट सामग्री को बाहर निकालकर डस्टबिन के हवाले किया।

जल ही जीवन और संस्कार है अभियान के दौरान अखिल भारतीय कायस्थ समाज के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि, मां नर्मदा का अस्तित्व ही इस अंचल का गौरव है। श्रद्धा का अर्थ जल को प्रदूषित करना नहीं, बल्कि उसे सहेजना है। हमारा उद्देश्य केवल एक दिन की सफाई नहीं, बल्कि हर नागरिक के मन में यह भाव जगाना है कि नर्मदा की निर्मलता को बनाए रखना हमारा संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य है। वहीं, मातृशक्ति की अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने अपनी प्रभावी बात रखते हुए कहा कि, एक माँ ही प्रकृति और संस्कारों का संरक्षण बेहतर ढंग से कर सकती है।

आज की भीषण गर्मी में भी महिलाओं का यह उत्साह इस बात का प्रमाण है कि हम नर्मदा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। हम श्रद्धालुओं से करबद्ध प्रार्थना करते हैं कि पूजन सामग्री जल में विसर्जित न कर, उसे निर्धारित डस्टबिन में ही डालें ताकि हमारी जीवनदायिनी नदी सुंदर और स्वच्छ बनी रहे। श्रद्धालुओं से मार्मिक अपील सफाई के साथ-साथ समाज के स्वयंसेवकों ने घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक भी किया। उन्होंने निवेदन किया कि मां नर्मदा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की पॉलिथीन या कचरा जल में न डालें। स्वच्छता के इस महायज्ञ में नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा व समाजसेवी प्रीती खरे, सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू वर्मा, रश्मि सक्सैना, सारिका सक्सेना, रश्मि वर्मा, ऋचा श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, सुनील राय, गुड्डू वर्मा, मनोज वर्मा, सीबी खरे, लालता प्रसाद एवं अदिति सहित समाज के अनेक गणमान्य जन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नर्मदा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

## सभी अनुभागो में एसडीम द्वारा चौपाल के माध्यम से चल रहे स्वगणना अभियान का निरीक्षण किया गया एवं नागरिकों को ऑनलाइन प्रक्रिया समझाई

रायसेन ■ अमृत दर्शन



निप्र कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सभी अनुभाग में अनुभागीय अधिकारियों द्वारा स्वगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। चौपाल के माध्यम से उन्होंने नागरिकों से सीधा संवाद कर नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने परिवार की पूरी जानकारी समय पर ऑनलाइन दर्ज करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौपाल के माध्यम से जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए, ताकि हर व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंच सके और जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना हेतु पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवधि में नागरिक अपनी स्व-गणना समय रहते पूर्ण कर सकते हैं, जिससे आगामी प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके। इससे नागरिकों को घर, कार्यालय अथवा किसी भी स्थान से मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से सुरक्षित रूप से जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलती है। यह न केवल समय की बचत करता है, बल्कि डेटा संग्रहण को अधिक सटीक एवं प्रभावी भी बनाता है। जनगणना-2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जो एक आधुनिक, तकनीकी रूप से सशक्त एवं समावेशी प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इससे नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास के लिए आवश्यक आंकड़ों का संकलन अधिक सुगमता से किया जा सकेगा। जनगणना का द्वितीय चरण, जिसमें जनसंख्या गणना की जाएगी, फरवरी 2027 में पूरे देश में संपन्न होगा। इस दृष्टि से वर्तमान स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों को प्रारंभिक चरण में ही जुड़ने और अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

### गेहूं उपार्जन: अब तक 79 हजार एमटी से अधिक गेहूं खरीदी संपन्न

## 61 हजार एमटी से अधिक लगभग 84 प्रतिशत गेहूं का हुआ सफल परिवहन

### किसान, श्रमिक एवं उपार्जन कार्य में संलग्न कर्मचारियों के लिए केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही किसान मेडिकल किट

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



जिलाधीश सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में गेहूं उपार्जन कार्य सतत रूप से जारी है। जिले में कुल 172 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें जेवीएस गोदाम स्तरीय 138, शासकीय गोदाम स्तरीय 05, साइलो 04, समिति स्तरीय 16 एवं मंडी स्तरीय 09 केंद्र शामिल हैं। अब तक कुल 29,683 स्लॉट बुकिंग दर्ज की गई है तथा 169 केंद्रों पर खरीदी कार्य संचालित हो रहा है। जिले में 16,327 किसानों द्वारा उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज का विक्रय किया जा चुका है। जिले में अब तक कुल 79,918 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। वहीं 74,265 मीट्रिक टन (92.92%) उपज 'रेडी टू ट्रांसपोर्ट' की स्थिति में है, जबकि 5,653 मीट्रिक टन शेष है। अब तक कुल 61,436 मीट्रिक टन (82.73%) गेहूं का सफल परिवहन किया जा चुका है। साथ ही 56,930 मीट्रिक टन (92.66%) की मात्रा के स्वीकृति पत्रक तैयार किए जा चुके हैं। इसी प्रकार भुगतान की स्थिति पर नजर डालें तो किसानों को कुल 145.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है, जिसमें से 132.72 करोड़ रुपये (91.36%) की ईपीओ राशि जनरेट की जा चुकी है।

जिले भर में निर्धारित किए गए उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर किसान मेडिकल किट की व्यवस्था भी की जा रही है साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए समय पर किसानों एवं उपार्जन कार्य में संलग्न श्रमिकों तथा कर्मचारियों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था भी की जा रही है।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य आरोपी अभी भी फरार

**रायसेन।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। 24 अप्रैल को फरियादी दिनेश रैकवार एवं मुकेश रैकवार, निवासी राहुल नगर रायसेन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि करीब 01:30 बजे आरोपीगण रमेश लोधी, रितिक, सुमित, राहुल वेदी, अमन, नरेश एवं अन्य द्वारा अवैध शराब बिक्री के विवाद को लेकर गाली-गलौच करते हुए फरियादी एवं उसके भाई पर तलवार व डंडों से जानलेवा हमला किया गया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। प्रकरण में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक XX/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 109(1), 125, 296(b), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन तथा एस डी ओ पीश्रीमती प्रतिभा शर्मा एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र गोयल के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।

पूर्व में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में फरार आरोपी रमेश लोधी (45 वर्ष) निवासी तालाब मोहल्ला रायसेन को थाना बम्होरी क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल।मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD/04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।) ।